Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 184 | रविवार, 06 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### भारत के पहले सहकारिता विश्वविद्यालय की अमित शाह ने रखी आधारशिला

# बोले- 'इस क्षेत्र की नौकरियों में परिवारवाद होगा समाप्त'

**गुजरात।**



सहकारिता क्षेत्र के आधार को सशक्त करने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारिता त्रिभुवन विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी और कहा कि यह संस्थान सहकारिता क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही प्रशिक्षण की कमी को पूरा करेगा। सहकारी संस्थाओं में नौकरियां अब उन्हें ही मिलेंगी, जो डिग्रीधारी और प्रशिक्षित होंगे। पहले प्रशिक्षण और फिर नियुक्ति की व्यवस्था लागू होगी। इससे सहकारी संस्थाओं की नौकरियों में भाई-भतीजावाद की परंपरा अपने-आप खत्म हो जाएगी। सवा सौ एकड़ में प्रस्तावित इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना का निर्माण पांच सौ करोड़ रुपये से होगा। संस्थान के जरिए देश की आठ लाख सहकारी समितियों के प्रबंधन, प्रशिक्षण, तकनीकी एवं विशेषज्ञ दक्षता को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले अमित शाह ने जल और भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) के परिसर में विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। इसका नाम भारत में सहकारी आंदोलन के शीर्ष नेता रहे दिवंगत त्रिभुवनदास किशिभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने अमूल की स्थापना में बड़ी भूमिका निभाई थी। शाह ने कहा कि देश की करीब 30 करोड़ आबादी यानी हर चौथा व्यक्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहकारी क्षेत्र से जुड़ा है।

प्रतिभा की भी कोई कमी नहीं है। फिर भी इस क्षेत्र में प्रशिक्षण के अभाव में जनशक्ति की भारी कमी है। यह विश्वविद्यालय इस बड़ी कमी को दूर करेगा और सुव्यवस्थित, पारदर्शी के साथ आधुनिक सहकारी तंत्र खड़ा करेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह विश्वविद्यालय देश में सहकारी आंदोलन को नई ऊर्जा भी देगा। उन्होंने कहा कि यह सहकारिता को रोजगार, स्वावलंबन और ग्रामीण समृद्धि का प्रमुख माध्यम बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय देश भर के सहकारी संस्थाओं से जुड़कर एक राष्ट्रीय नेटवर्क बनाएगा और सहकारिता से संबंधित तकनीकों एवं नवाचारों के लिए अनुसंधान परिषद की स्थापना करेगा। इसमें पैक्स, डेयरी, मत्स्य पालन, कृषि एवं ग्रामीण विकास आदि क्षेत्रों के कर्मियों को शामिल किया जाएगा।

# आईएसएस में शुभांशु शुक्ला ने हड्डियों पर किया शोध



**नई दिल्ली।**

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएएस) पर हड्डियों से संबंधित अध्ययन किया। यह शोध हड्डियों की बीमारी ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर उपचार की दिशा में उम्मीद की किरण है। एक्सिओम-4 मिशन के तहत 26 जून से शुभांशु आईएसएस पर हैं। आईएसएस पर एक सप्ताह का समय पूरा करने के बाद मिली एक दिन की छुट्टी के बाद शनिवार को शुभांशु और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य अंतरिक्षयात्रियों ने पता लगाने का प्रयास किया कि न के बराबर गुरुत्वकर्षण या माइक्रोग्रैविटी में हड्डियों पर किस तरह प्रभाव पड़ता है। अंतरिक्ष में हड्डियां किस प्रकार खराब होती हैं और पृथ्वी पर वापस आने पर वे किस प्रकार ठीक हो जाती हैं। 'डिजिटल ट्विन' का निर्माण कर रहे हड्डियों से संबंधित जैविक मार्कर का विश्लेषण करके, शोधकर्ता 'डिजिटल ट्विन' का निर्माण कर रहे हैं। 'डिजिटल ट्विन' वर्चुअल मॉडल है। यह मॉडल डाटा के जरिये यह पता लगाने में मददगार हो सकता है कि अंतरिक्षयात्री की हड्डियां अंतरिक्ष में कैसे प्रतिक्रिया देती हैं और कैसे ठीक होती हैं।

# शौचालय में बैठकर कोर्ट की ऑनलाइन सुनवाई से जुड़ना पड़ा महंगा

**अहमदाबाद।**



शौचालय की सीट पर बैठकर वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये सुनवाई में भाग लेना एक व्यक्ति के लिए भारी पड़ गया है। गुजरात हाई कोर्ट ने इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। यह घटना 20 जून को तब हुई, जब न्यायमूर्ति निर्जर एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। न्यायमूर्ति एएस सुपेहिया और न्यायमूर्ति आरटी वच्छानी की खंडपीठ ने 30 जून को एक आदेश दिया, जिसमें हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को वीडियो में दिख रहे व्यक्ति के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। क्योंकि हमने देखा है कि इस तरह के अमर्यादित व्यवहार अक्सर सामने आते हैं।

# मंच पर एक साथ दिखे ठाकरे ब्रदर्स

**मुंबई।**



वरली के नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स डोम में बनाए गए भव्य मंच पर 20 साल बाद हुईं दो चचेरे भाइयों उद्धव और राज ठाकरे की गलबहियां इस बात की गारंटी कतई नहीं हैं कि आनेवाले स्थानीय निकाय चुनावों में इनके दलों का राजनीतिक गठबंधन भी हो ही जाएगा। करीब दो माह पहले राज ठाकरे ने फिल्म निर्देशक महेश मांजरेकर को साक्षात्कार देते हुए कहा था कि महाराष्ट्र के हित के सामने हमारे छोटे-मोटे झगड़े कुछ भी नहीं हैं। विधानसभा चुनाव में हुई दुर्गति से पीड़ित उद्धव ठाकरे को राज के इस बयान में अवसर नजर आया, और उनकी पूरी पार्टी ने इसे लपक लिया। तभी से उनकी तरफ से राज के साथ संवाद साधने की कोशिश लगातार की जा रही है। इसी बीच महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाए जाने का आदेश जारी किए जाने के बाद जब राज ठाकरे ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी, तो उद्धव को भी उनके सुर में सुर मिलना अच्छा लगना ही था। सरकार के इस निर्णय के विरोध में मुंबई की गिरगांव चौपाटी से आजाद मैदान तक विरोध मार्च निकालने का फैसला भी पहले राज ठाकरे का ही था। बाद में उद्धव के सिपहसालार संजय राउत ने राज ठाकरे से बात करके यह मोर्चा पांच जुलाई को एक साथ निकालने के लिए उन्हें राजी किया। फिर राज्य सरकार द्वारा हिंदी के लिए जारी आदेश वापस लिए जाने के बाद पांच जुलाई को ही जब विजय उत्सव मनाने का फैसला किया गया, तो भी राज ठाकरे ने साफ कह दिया था कि यह विजय उत्सव सिर्फ मराठी और महाराष्ट्र की अस्मिता तक ही सीमित रहेगा। इसमें किसी राजनीतिक दल का झंडा या निशान दिखाई नहीं देगा।

### भारत ने दुनिया को चौंकाया!

# समानता के मामले में चीन अमेरिका को भी छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।**

भारत न केवल विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि आज यह सर्वाधिक समतामूलक समाजों में से एक भी है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी सूचकांक 25.5 है, जो इसे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद दुनिया का चौथा सबसे समतामूलक देश बनाता है। यह भारत जैसे बड़े और विविधता वाले देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दशार्ता है कि भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ देश भर के लोगों में समान रूप से पहुंच रहा है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और कल्याण सहायता को सीधे उन लोगों तक पहुंचने पर लगातार नीतिगत ध्यान केंद्रित करना है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। गिनी सूचकांक यह समझने का एक सरल लेकिन शक्तिशाली तरीका है कि किसी देश में घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति या उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसका मूल ?य 0 से 100 तक होता है। 0 स्कोर का अर्थ पूर्ण समानता है यानी आय आदि समान रूप से सभी लोगों के बीच वितरित हो रहा है। 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय, संपत्ति या उपभोग है और दूसरों के पास कुछ भी नहीं है, इसलिए पूर्ण असमानता है। गिनी इंडेक्स जितना अधिक होगा, देश उतना ही असमान होगा।

### वैभव के सामने फीका पड़ गया 'फ्लिंटॉफ' का शतक

# भारत ने इंग्लैंड को घर में घुसकर रौंदा, जीती सीरीज

**नई दिल्ली।**



भारतीय अंडर-19 टीम ने यूथ वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। इंग्लैंड अंडर-19 को चौथे वनडे मैच में 55 रन से पटखनी दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी (143) और विहान मल्होत्रा (129) के शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 363 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की अंडर-19 टीम रॉकी फ्लिंटॉफ के शतक के बावजूद 308 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही भारत ने 3-1 के साथ पांच वनडे मैच की सीरीज अपने नाम कर ली। आखिरी वनडे मैच खेला जाना अभी बाकी है। मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत की तरफ से आयुष महात्रे के साथ वैभव सूर्यवंशी ने ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली। भारत ने 14 के स्कोर पर महात्रे का विकेट गंवा दिया। लेकिन दूसरे छोर से वैभव का बल्ला लगातार रन उगल रहा था। विहान मल्होत्रा ने 121 गेंद पर 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 129 रन बनाए। अभिज्ञान ने 23 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जैक होम ने चार विकेट चटकाए जबकि सेबेस्टिन मोर्गन को तीन विकेट मिले।

**वैभव ने रचा इतिहास**

वैभव सूर्यवंशी ने 52 गेंद पर शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह यूथ वनडे इतिहास में सबसे तेज और सबसे युवा शतकवीर बने। दूसरे छोर से विहान मल्होत्रा का साथ मिला। दोनों ने मिलकर टीम का स्कोर 233 के स्कोर तक पहुंचा दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 78 गेंद पर 13 चौके और 10 छक्के की मदद से 143 रन की पारी खेली।

# खनिज-ऊर्जा-व्यापार में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश, पीएम मोदी और राष्ट्रपति माइली में चर्चा

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में शनिवार को अर्जेंटीना पहुंचे। वहां प्रवासी भारतीयों के समूह ने पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस तरह गर्मजोशी भरे स्वागत से बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। साथ ही जोड़ा, बात अगर सांस्कृतिक जुड़ाव की हो तो दूरी कोई बाधा नहीं बनती है। भारत और अर्जेंटीना खनिज, व्यापार एवं निवेश और उर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान इन क्षेत्रों के साथ अन्य कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। पीएम मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के तीसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार की रात ब्यूनस आयर्स पहुंचे थे। शनिवार को उनकी राष्ट्रपति माइली के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता हुई। माना जा रहा है कि यह बातचीत मुख्य रूप से व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कृषि और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना संबंधों को विस्तारित करने पर केंद्रित रही।

# दिल्लीवाले ध्यान दें! बदल गई रविवार को मेट्रो की टाइमिंग

**नई दिल्ली।**



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने घोषणा की है कि मेट्रो के चौथे चरण (फेज-4) के एकीकरण कार्यों को तेज करने के लिए 6 जुलाई (रविवार) को पिंक लाइन और येलो लाइन की कुछ सेवाएं देर से शुरू होंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना नए समय के अनुसार बनाएं। पिंक लाइन पर मेट्रो सेवाएं रविवार को सुबह 7 बजे के बजाय 8 बजे से शुरू होंगी। यह बदलाव फेज-4 के तकनीकी कार्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा है। इस लाइन पर 59.24 किलोमीटर की दूरी में 38 स्टेशन हैं, जो उत्तरी दिल्ली के मजलिस पार्क से लेकर शिव विहार तक जाती है। यह दिल्ली की सबसे लंबी मेट्रो लाइन है और रिंग रोड के साथ-साथ चलती है। येलो लाइन के जहांगीरपुरी से समयपुर बादली खंड पर मेट्रो सेवाएं सुबह 6 बजे के बजाय 7 बजे से शुरू होंगी। यह खंड मिलेनियम सिटी सेंटर (गुड़गांव) से समयपुर बादली तक चलने वाली येलो लाइन का हिस्सा है। इस लाइन की कुल लंबाई 49.31 किलोमीटर है और इसमें 37 स्टेशन हैं, जो उत्तरी दिल्ली से लेकर गुड़गांव तक कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

**अन्य लाइनों पर कोई बदलाव नहीं**

डीएमआरसी ने स्पष्ट किया है कि बाकी सभी मेट्रो लाइनों (जैसे रेड, ब्लू, वायलेट, आदि) पर रविवार को सेवाएं सामान्य समय-सारिणी के अनुसार चलेंगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे पिंक और येलो लाइन पर सुबह की यात्रा के लिए समय में बदलाव को ध्यान में रखें।

## संपादक की कलम से

# सुपर शतकवीर शुभमन

वाह कप्तान शुभमन गिल! क्या शानदार उपलब्धि हासिल की है कि 25 साल 297 दिन की उम्र का बल्लेबाज शुभमन गिल भी मंसूर अली खां पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली सरीखे टीम इंडिया के ऐतिहासिक बल्लेबाजों की श्रेणी में प्रवेश कर गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल ने 269 रन (30 चौके और 3 छक्के) की जो विराट पारी खेली है, उससे वह सर्वोच्च कप्तान बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ, इंग्लैंड की सरजमीं पर, गावस्कर ने 1979 में 221 रन और दीवार द्रविड़ ने 2002 में 217 रन की सुपर पारियां खेली थीं, लेकिन वे टीम के कप्तान नहीं थे। ऐसे ऐतिहासिक बल्लेबाजों के कीर्तिमानों को पीछे छोड़ कर 269 रन का अपना मील पत्थर स्थापित करना कितना सुखद और गुदगुदाने वाला लगता होगा! शुभमन ने टीम इंडिया के विराट बल्लेबाज विराट कोहली के अभी तक के विराट स्कोर 254 रन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ वह मैच पुणे (भारत) में खेला गया था। बल्लेबाजों की कतार में 319 रन ठोंकने वाले वीरेंद्र सहवाग वाकई सर्वोच्च रहे, हालांकि वह टीम कप्तान कभी नहीं रहे। करुण नायर ने भी 300 रन का आंकड़ा पार किया है, हालांकि वह करियर के दूसरे चरण में अभी अग्नि-परीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। वीवीएस लक्ष्मण ने भी स्टीव वॉ की ऑस्ट्रेलियाई अजेय टीम के खिलाफ 281 रन बनाए थे, लेकिन शुभमन गिल की अप्रतिम उपलब्धि यह है कि वह टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान हैं और अपेक्षाकृत युवा और नए अनुभव वाले खिलाड़ी हैं। पूरी टीम ही युवा और नई है। यह भारतीय क्रिकेट का संक्रमणकाल है। दिग्गज और शतकवीर बल्लेबाज सेवामुक्त हो चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर कप्तान के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के बॉबी सिम्पसन की 311 रन (1964) और दक्षिण अफ्रीका के युवा ग्रीम स्मिथ की 277 रन (बर्मिंघम, 2003) की पारियों के बाद शुभमन तीसरे स्थान पर हैं। वे दिग्गज बल्लेबाज भी अतीत हो चुके हैं। सिर्फ गिल ही मौजूदा दौर में खेल रहे हैं, लिहाजा 269 रन का कीर्तिमान भी अतुलनीय है। गिल अपनी कप्तानी में दूसरा टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं। उन्हें कई और मील-पत्थर पार करने हैं। कप्तान शुभमन एशिया के भी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के तत्कालीन कप्तान दिलशान की 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ खेली 193 रनों की पारी को भी पीछे कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुभमन का प्रथम दोहरा शतक लगभग त्रुटिहीन और सटीक था। उन्होंने मात्र 3.5 फीसदी शॉट्स ही गलत खेले। बहरहाल इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ बुन दिया है। यह कथन इसलिए सही है, क्योंकि इंग्लैंड के 3 शतकवीर बल्लेबाज मात्र 25 रनों पर ही ढह गए हैं। यह बड़ी विराट चुनौती है। यह इंग्लैंड की सरजमीं पर 18 लंबे सालों के बाद संभव हुआ है, जब टीम इंडिया ने 500 रनों का आंकड़ा पार किया है। यह संभव इसलिए हो सका, क्योंकि गिल ने ऐतिहासिक 269 रन की पारी खेली, भारत ने 371 रन पांच विकेट गिरने के बाद बनाए। यह इतिहास का टीम इंडिया का सर्वोच्च स्कोर है। गिल एक ही सीरिज में 400 रन बनाने के बहुत करीब पहुंच गए हैं। यह पांच मैचों की शृंखला है। यदि गिल ऐसे ही खेलते रहे, तो न जाने कितने और इतिहास रचे जाएंगे। बहरहाल यह भारत के भविष्य की क्रिकेट टीम है। इन्हीं खिलाडि?ों में से सचिन, द्रविड़, सौरव, विराट, रोहित आदि विराट खिलाड़ी बनने हैं। कई अग्नि-परीक्षाएं देनी हैं। इंग्लैंड ही अंतिम परीक्षा नहीं है। खेल के किसी भी विभाग में जो खामियां हैं, डर है, आशंकाएं हैं, उन पर विजय प्राप्त करनी है। देश तब भी आशंकित और सवालिया मुद्रा में था, जब शुभमन को टीम इंडिया का टेस्ट कप्तान घोषित किया गया। यह खेल टी-20 से बिल्कुल भिन्न है, लेकिन शुभमन ने अपने नेतृत्व की बानगी भी दी है। वह साथियों से लगातार संवाद करते हैं और साथियों के सुझाव भी सुनते हैं। फिर खेल की रणनीति तय करते हैं। वह नाकामी को भी पूरे समर्पण के साथ ग्रहण करते हैं। बहरहाल टीम इंडिया का नया भविष्य हमें तो उज्ज्वल और सकारात्मक लगता है। टीम इंडिया को इसी लय के साथ आगे भी खेलना होगा।


ललित शर्मा
संपादक

## प्रियंका सौरभ



### आँचल की चुप्पी

कविता

मायका छूटा, गोदी छूटी,
भाई की कंधी बोली रूठी,
सास–बहू की लोरी गूंजी,
बेटी की दुनिया पूरी झूठी।

माथे की बिंदी मांग सजाए,
थक जाए तो भी मुस्काए,
कभी ना बोले ₹अब बहुत हुआ₹,
सबका दु:ख खुद पर अपनाए।

कौन कहेगा थकी हुई है?
घर की नींव रखी हुई है!
फिर भी रिश्तों में रह गई बस,
जरूरत, दिलचस्पी नहीं रही अस।

ना गोद रही, ना गोत्र, ना बाँह,
फिर भी वो निभाए चाह–राह।
बेटी थी, पर अब बहू है,
उसकी मुस्कान भी अब रुकी हुई है।

जब रोती है — आँचल से ढँक लेती,
खुद को खुद ही समझा लेती,
ना कोई पूछे, ना कोई थामे,
वो जीती है टूटे पलों के नामे।

अब वही घर उसका मंदिर है,
जहाँ वो खुद ही पुजारी भी है।
वो हँसती है, वो सहती है,
पर अब खुद में ही रहती है।

दुनिया कहे ₹बहू कितनी प्यारी₹,
किसी ने न देखी आँखों की ज्वारी,
वो बेटी से देवी बनी —
पर देवी को भी किसने सुनी?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## बारिश का कहर

# प्रकृति का विक्षोभ या विकास की विफलता?


ललित गर्ग



बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है।

2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में ह्यऑल वेदर रोडह्न, हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे।

पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुँचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है। जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आती है, तभी मीडिया और नेताओं की नजर जाती है। हेलिकॉप्टर से निरीक्षण, मुआवजे की घोषणाएं, और ह्यहम साथ हैंह्न जैसे बयान आते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम सामान्य होता है, पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। लंबे समय तक पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटकते हैं।

निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं। निर्माण कार्य में स्थानीय पारंपरिक वास्तुकला और प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग बढ़ाया जाए। भू-सर्वेक्षण और ईआईए को अनिवार्य किया जाए, हर निर्माण से पहले वैज्ञानिक स्तर पर जमीन की जाँच और पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन आवश्यक हो। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाए और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्स्थापित किया जाए। गाँवों और कस्बों के स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए ताकि निर्माण कार्य जमीनी जरूरतों और जोखिमों के अनुसार हो।

हिमालय को केवल भूगोल नहीं, अध्यात्म का स्रोत भी माना जाता है। यहाँ की नदियां, पहाड़ और घाटियां धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व रखती हैं। जब इन स्थानों पर अंधाधुंध निर्माण होता है, तो केवल भू-आकृति नहीं, सांस्कृतिक चेतना भी नष्ट होती है। पर्वतीय जीवन में तबाही के पीछे केवल प्रकृति नहीं, हमारी नीति, नियत और विकास का वह मॉडल जिम्मेदार है जो केवल तात्कालिक लाभ और मुनाफे पर केंद्रित है। हम पहाड़ों को केवल पर्यटक स्थल या परियोजना-स्थल की दृष्टि से न देखें, बल्कि वहां के पर्यावरण, संस्कृति और जीवन पद्धति को समझें और संरक्षण का दायित्व लें। नहीं तो हर बारिश के साथ पहाड़ों से जीवन खिसकता जाएगा और एक दिन यह संकट केवल स्थानीय न रहकर राष्ट्रीय बन जाएगा। दरअसल, पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए नये सिरे से निर्माण के मानक तय करने होंगे। वहीं दैनिक जल निकासी और बरसाती पानी के प्रवाह के लिये वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्था करनी होगी। निश्चित रूप से पहाड़ों में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे में पहाड़ की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करने की कीमत हम चुका रहे हैं। भविष्य में ऐसी आपदाओं को टालने के लिये अतीत के सबक सीखकर हमें विकास के नये मानक तय करने होंगे। ऐसा लगता है कि किसी का इस पर ध्यान ही नहीं कि यदि बुनियादी ढांचे से जुड़े निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो जैसा हादसा मंडी अथवा शिमला में हुआ, वैसे हादसें होते ही रहेंगे और उनका दोष प्रकृति पर मढ़कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाएगी। बात केवल हिमाचल की ही नहीं है, उत्तराखंड में भी कुछ स्थानों पर भूस्खलन होने से तीर्थयात्री संकट में पड़े हैं। इसका कोई मतलब नहीं कि हम बार-बार विकसित भारत की बात करें, लेकिन सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी करें और मानक होते हुए भी उनका पालन न करें। इस तरह से तो हम विकसित देश नहीं बन सकते।

# सादा जीवन उच्च विचार, भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है

कुदरत द्वारा रचित सृष्टि की 84 लाख योनियों में सबसे अनमोल बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना धारे मानवीय योनिं नें सृष्टि में अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का प्रयोग कर इस सृष्टि को कहां से कहां पहुंचा दिया है। सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, बारिश जैसे प्राकृतिक और कुदरती रचनाओं को भी आर्टिफिशियल बना दिया है, इतना ही नहीं एक आर्टिफिशियल रोबोट मानव भी बना दिया है बस अब एक कमीं रह गई है जो मानवीय मृत शरीर में जान फुकना और आर्टिफिशियल प्राकृतिक बच्चे प्रौद्योगिकी की तकनीकी पर बनाकर उसमें जान फूककर जन्म देना रह गया है, जो मेरा मानना है कि मानवीय जीव यह कभी नहीं कर सकेगा। धन, माया, नाम शोहरत की खातिर मानव ने अपने चोबीस घंटे उसमें लगा दिए हैं जिसमें अपने जीवन को भारी तनावग्रस्त के समंदर में झोंक दिया है परंतु संतुष्टि फिर भी नहीं मिलेगी क्योंकि यह मार्ग ऐसा है कि इस पथ पर फिसलता ही चला जाता है और अंतिम लम्हों में सादा और सहज जीवन जीने की याद आती है तबतक सब कुछ निकल चुका होता है।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीव की अभूतपूर्व प्रगति की करें तो इस विचारधारा ने अनेक सुख सुविधाओं के साथ दुख, तकलीफों को भी जन्म दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण है वर्तमान जलवायु परिवर्तन से होने वाली विनाशकारी तबाही, जिसके पीड़ित मानव के हृदय में यही बात आती है कि हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है अब प्रकृति हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है, और मानसिक विचारधारा सादा जीवन उच्च विचार की ओर लौटने की सोच को रेखांकित करती है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो यह सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं। मानव में दयालुता, सुविचार, मानवता, नम्रता झलकती है ऐसे मानवके समीप विक्कार जैसे द्वेष, अभिमान अहम, अहंकार जैसे अनेक विकारों को भी आने से डर लगता है क्योंकि यह रेखांकित करने वाली बात है कि जहां सादा जीवन रहेगा वहीं उच्च विचारों, गुणवत्ता, चेतना, संतुष्टि का निवास हो जाता है और जीवन सहज, सरलता खुशियों से लबालब हो जाता है।


गोंदिया

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार के अर्थ को समझने की करें तो, सादा जीवन का अर्थहै अपनी सीमित आवश्यकताओं के अनुसार, न कि अपने असीमित लालच के अनुसार। सारा तनाव और तनाव इस सूत्र का पालन न करने का परिणाम है। आध्यात्मिक जीवन सादा जीवन उच्च विचार के अलावा और कुछ नहीं है। भगवत गीता कहती है कि सादा जीवन और उच्च विचार ही आर्थिक समस्याओं का समाधान है। जो व्यक्ति सादा जीवन जीने में विश्वास रखता है, वह न तो अपने लिए और न ही दूसरों के लिए समस्याएँ खड़ी करता है। जो व्यक्ति उच्च विचारों में लीन रहता है, वह वास्तव में निस्वार्थ व्यक्ति बन जाता है।

साथियों बात अगर हम सहज, सरल जीवन की करें तो बड़े -बुजुर्गों के मुंह से सुनते आए हैं- जीवन में शांति जरूरी है और शांति से रहना अपने हाथ में है। शांति तभी मिल सकती है, जब जीवन सरल हो। कन्फ्यूशियस का कथन है- जीवन बेहद सरल है लेकिन हम उसे जटिल बनाने पर आमादा रहते हैं। भारतीय संस्कृति में तो वैसे भी हमेशा से सादा जीवन उच्च विचारों को अहमियत दी गई है। यूं भी कोई अस्त-व्यस्त, भ्रमित, दुविधाग्रस्त और दबाव में नहीं रहना चाहता। भीड़ चाहे लोगों की हो या वस्तुओं की, इच्छाओं की हो या अपेक्षाओं की, व्यक्ति की एकाग्रता को भंग करती है और उसे जीवन के अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीन बनाती है। भीड़ में खुद को गुम होने से बचाने का प्रयास ही सहज-सरल जीवन की कुंजी है।

साथियों बात अगर हम सादगी की करें तो, सादगी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता आती है। जैसे ही उसके भीतर यह चेतना आती है कि जीवन में क्या और क्यों महत्वपूर्ण है, वह इच्छाओं का सही प्रबंधन करने लगता है। इससे दुविधाएं कम होती हैं और दृष्टिकोण में स्पष्टता आती है। समय-समय पर अपनी जरूरतों और इच्छाओं का आकलन करना जरूरी है। कई बार ऐसा भी होता है कि जिस चीज से आज सुविधा महसूस होती है, वही भविष्य में असुविधा का कारण बन जाती है। हो सकता है, बड़ा घर लेना आज किसी की ख्वाहिश हो मगर उम्र बढ? के साथ यही घर असुविधाजनक हो सकता है क्योंकि वह इसका रखरखाव अच्छी तरह करने में असमर्थ होता है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो, यह कहावत हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन को और भी मूल्यवान बना सकते हैं सिर्फ व्यर्थ के धन और सामान आदि चीजों को नजरंदाज करके। ये हमें सच्ची खुशी और आतंरिक संतुष्टि प्रदान करता है। ये यह भी बताता है कि सच्ची खुशी हमारे विचारों में ही होती है ना कि किसी और चीजों में। ये हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी जड़ों को पहचाने और किसी भी तरह के समृद्धि पाने वाले कार्य को नजर अंदाज करें। जीवन का सही मूल्य हमारे भौतिकवादी अधिग्रहण में नहीं है, बल्कि यह वह है जिसमें हम सोचते हैं, करते हैं, और प्रतिदिन हम कितने जीवन को छूते हैं। सादा जीवन उच्च विचार' यह कहावत हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती है कि हम अपने जीवन को समृद्ध के बजाय अधिक सार्थक बनायें। यहाँ जीने के साधारण तरीके से मतलब है जीवन जीने का एक सरल और गैर-महंगा मानक। हमें केवल सिर्फ उन चीजों के लिए ही चिंता करनी चाहिए जो हमारे जीवन के लिए बेहद आवश्यक है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है। सादा जीवन उच्च विचार सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनीं आमजन की शिकायतें

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने शिकायत निस्तारण पंजिका एवं अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये और पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच हेतु दूरभाष से शिकायत कताओं से बात की। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा कुल 25 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य को शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, नगर पालिका, खाद्य एवं आपूर्ति, तथा विकास खण्ड सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे थानों में आने वाली जनशिकायतों को संवेदनशीलता से लें, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्यवाही करें, ताकि आमजन को उचित समाधान मिल सके। तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अम्बरीश कुमार बिन्द की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टाण्डा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने डायलिसिस यूनिट का किया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने जिला अस्पताल में स्थापित डायलिसिस यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि डायलिसिस यूनिट का संचालन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं मै० एस्केग संजीवनी प्रा०लि०, कोलकाता द्वारा अनुबन्ध के आधार पर पी०पी०पी० (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर किया जाता है। निरीक्षण में डायलिसिस यूनिट में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। डायलिसिस वार्ड के एक कोने में पुरानी रद्दी/फाईलें आदि रखी पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने फाइलें हटाने तथा साफ-सफाई सुचारू रूप से कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय यूनिट पर 02 जी०एन०एम० तथा 02 डायलिसिस डिप्लोमाधारक उपस्थित मिले, जानकारी करने पर अवगत कराया गया कि चिकित्साधिकारी शाम 04 से 05 बजे के बीच मिलते है तथा वह मुरादाबाद से आते हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि यूनिट पर अपने एक चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए डायलिसिस यूनिट का रोस्टर बनाकर निरीक्षण करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें। यूनिट पर उपस्थित स्टाफ द्वारा यूनिट के चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कराई गई, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडिकल ऑफिसर को दो दिन का समय देते हुये निर्देशित किया गया कि यूनिट की समस्त व्यवस्थाओं में सुधार करायें। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निरीक्षण के समय पाई गई कमियों के सम्बन्ध में नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया।

# जनपद में 09 जुलाई को जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारी की उपस्थिति में होगा वृहत वृक्षारोपण



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, एसडीएम सदर श्रीमती मोनिका सिंह एवं प्रभागी निदेशक सामाजिक वानिकी, वन प्रभाग प्रणव जैन के साथ जनपद में 09 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के दृष्टिगत सींगनखेड़ा स्टेडियम स्थित स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में वृक्षारोपण का कार्यक्रम नोडल अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें समस्त सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, सिविल सोसाइटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल आदि का सक्रिय सहयोग प्राप्त करते हुए वृक्षारोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम को व्यापक जन सहभागिता के साथ एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा और सभी रोपित पौधों की सुरक्षा व्यवस्था एवं जियो टैगिंग भी कराई जाएगी।

# शहर कांग्रेस कमेटी की पहली मासिक बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर।** विधायक एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी इस देश की सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक रीढ़ है।

वह आज शाम प्रांतीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार कूंचा काजी स्थित कांग्रेस शहर कांग्रेस कमेटी, रामपुर कार्यालय पर संपन्न पहली मासिक बैठक को विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर लोगों की आवाज बनना होगा। एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान बब्लू ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिशें कांग्रेस कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक आत्मा है और हमें इस आत्मा को बचाए रखने के लिए गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचना होगा। शहर समन्वयक ओमकार सिंह ने संगठन सृजन अभियान की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यों की दिशा में आवश्यक सुझाव रखे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा 'निक्कू पंडित' ने कहा कि आज जब संविधान पर हमला हो रहा है, तब कांग्रेस कार्यकर्ता ही इसके सच्चे रक्षक हैं।बैठक में अध्यक्षीय भाषण देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि यह बैठक संगठन को वार्ड स्तर तक सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासन, जवाबदेही और भागीदारी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक का संचालन जिला महासचिव एवं मीडिया कॉर्डिनेटर उमेश दुबे ने करते हुए बताया कि बिहार में करीब पौने आठ करोड़ मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर कर मात्र 25 दिन में नागरिकता का प्रमाण देने के लिए बाध्य किया गया है, जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। चुनाव आयोग की यह कार्यप्रणाली निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक है।

# पीपल के पेड़ के नीचे मृत हालत में मिला तेंदुआ ,फैली सनसनी

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के एलम कनियान मार्ग पर एक किसान के खेत के समीप पीपल के पेड़ के नीचे मृत अवस्था में एक मादा तेंदुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई जानकारी मिलने पर पुलिस वन विभाग की टीम पहुंची और मृत तेंदुए के शव को कब्जे में ले लिया। संभवत विद्युत लाइन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई है। दर्जनों किसानों ने जंगल में अन्य तेंदुए होने की भी पुष्टि की है वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर पकड़ने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी किसान नीलू पुत्र सुल्तान के खेत कनियान मार्ग स्थित गांव की सीमा पर हैं। किसान के खेत के समीप एक पीपल का पेड़ है जिसके पास से विद्युत विभाग के द्वारा लाइन का निर्माण कर रखा है। शनिवार को किसान अपने खेत पर गया तो पीपल के पेड़ के नीचे एक मादा तेंदुआ मृत हालत में पड़ी हुई थी। तेंदुए का शव मिलने की सूचना से मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ गई और क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पुलिस एवं वन विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर एलम चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने मृत तेंदुए के शव को अपने कब्जे में ले लिया और पीएम करने के लिए मुख्यालय ले गए। किसान के अनुसार तेंदूआ पीपल के पेड़ पर चढ़ रहा होगा तभी अचानक से विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और झुलसने से मौके परी मौत हो गई।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कावड़ रूट का लिया जायजा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कावड़ रूट का लिया जायजा। उन्होंने बिजनौर के मुरादाबाद मार्ग नूरपुर-हल्दौर-नहटौर का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करना सुनिश्चित करें। तथा मुख्य मार्गों एवं स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे और एआई कैमरों को स्थापित कर सतत निगरानी के लिए उसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने की व्यवस्था भी करें। इस अवसर पर उन्होंने बिजली, नगर निकाय, स्वास्थ्य, सड़क, वन, खाद्य सुरक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि श्रवण कावड़ यात्रा को सकुशल, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पूर्ण गंभीरता के साथ पालन करना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर कांवड़ यात्रा के दौरान कोई असुविधा एवं समस्या उत्पन्न न होने पाए। कावड़ मार्ग के निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत डीएम एसपी ने किया पौधरोपण, आमजन से की अपील





**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**सिकंद्राराऊ।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा द्वारा ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर सिकंदरराऊ में पिलखुन एवं पीपल के पौधों का रोपण किया । इस मौके पर जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए आमजनमानस से अपील की कि वे भी अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। जिलाधिकारी ने कहा पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि वर्षा चक्र को संतुलित रखने, भूमि क्षरण को रोकने और जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पेड़ मां के नाम एक भावनात्मक पहल है जो हमें प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति हमारा उत्तरदायित्व याद दिलाती है। मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे ऐसे संजोए जैसे अपनी मां की स्मृति को संजोते हैं। इस मौके पर प्रभावनाधिकारी, उप जिलाधिकारी सि0राऊ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

# सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल स्कूली वाहन में धक्का लगाते स्कूली छात्र

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद के स्नेह पब्लिक स्कूल की ये वाहन वढ20अळ1769 जिसको धक्का लगते हुए स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चे, जिस गाड़ी पर साफ शब्दों में लिखा हुआ है सीट शामता 8 लोगो के लिये लेकिन बच्चे 12 से 15 भर कर जाते हैं, स्कूल द्वारा ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर एक अच्छी खासी फीस छात्रों के परिजनों से ले ली जाती है, परिजन अपने बच्चों की सहुलियत को देखते हुए फीस भी दे देते हैं और छोटे छोटे बच्चों से इस तरह से सड़क पर गाड़ी में धक्का लगवाना गलत ही नहीं बल्कि हादसे को दावत देना भी है और दण्डनिया अपराध भी है।

यदि कोई स्कूल का वाहन तकनिकी करण से खराब हो जाता है

तब वाहन का कंडक्टर वाहन में धक्का लगाने का जिम्मेदार होता है और इस वाहन मे कोई सहायक या कंडक्टर तक मौजुद नहीं है

उत्तर प्रदेश में स्कूल वाहनों की फिटनेस साथ ही वाहन में कोई तकनीकी खराबी ना आए इसके लिए नियमित सर्विस सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं उत्तर प्रदेश में स्कूल के बच्चों द्वारा गाड़ी में धक्का लगाना, एक गैरकानूनी और खतरनाक गतिविधि है। यह न केवल बच्चों के लिए, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करता है। 1-: सुरक्षा का खतरा : बच्चों का गाड़ी में धक्का लगाना, खासकर जब वे स्कूल जा रहे हों, एक गंभीर सुरक्षा खतरा है। इससे बच्चों को चोट लगने या दुर्घटना होने का खतरा रहता है।

2-: नियमों का उल्लंघन : स्कूल बसों और अन्य वाहनों के लिए सुरक्षा नियम निर्धारित हैं, और बच्चों से गाड़ी में धक्का लगवाने की अनुमति नहीं है। 3-:सामाजिक जिम्मेदारी : सभी नागरिकों को सड़क पर सुरक्षित रहने और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की जिम्मेदारी है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य सेमिनार का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना त्यागी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बालिकाओं को अनेक बीमारियों के बारे मे बताया बीमारियों से बचने के लिए अपने आहार में दूध, दही, हेल्दी डाइट्स शामिल करने की सलाह दी तथा प्रोटीन व कैल्शियम युक्त पदार्थों का सेवन करने का सुझाव दिया। क्योंकि हेल्दी डाइट्स का सेवन हमारे शरीर की प्रति रोधक क्षमता को बढ़ाते हुए हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करता है। इसके अलावा उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए साफ - सफाई रखने पर जोर दिया। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता अपनाना जरूरी है छात्राओं ने भी उनके बताए सुझावों में रुचि दिखाते हुए अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। डॉ मीना त्यागी ने सभी छात्राओं की समस्याओंऔर प्रश्नों का समाधान किया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने डॉ मीना त्यागी का आभार व्यक्त करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। तथा कहा इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों से बच्चों को नयी नयी जानकारियां मिलती हैं जो शारीरिक विकास में सहायक होती हैं।

# पौधरोपण कर नवजात शिशु की भांति करें उनकी देखभाल : डिप्टी रेंजर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**स्योहारा।** वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी में वन विभाग के सहयोग से 4 जुलाई को जन्मे नवजात शिशुओं को पौधे व फलों की टोकरी देकर वन विभाग के डिप्टी रेंजर विजय भारत सिंह द्वारा सम्मानित कर प्रमाणपत्र भी दिया गया ।साथ ही उनसे अपील की गई कि वह भी पौधे को घर पर रोपित कर खाद पानी देकर पौधे की सेवा करें ताकि ये एक मिशाल बने की जब बच्चा पैदा हुआ था तो पौधा दान में मिला था। डिप्टी रेंजर विजय भारत सिंह ने बताया कि संतान जन्म के शुभ अवसर पर पौधरोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत जीवन समृद्धि व विकास का प्रतीक यह पौधा आपको उपहार स्वरूपप्रदन किया जा रहा है। पौधे नवजीवन के प्रतीक है।आपसे अनुरोध है कि इस पौधे की देखभाल व सुरक्षा अपने नवजात शिशु की भांति करे। जिससे नवजात के आगमन के अवसर पर रोपित यह पौधा भविष्य मे वृक्ष का रूप धारण कर आपके संतान की तरह आपके यश कीर्ति व वैभव वृद्धि तथा आपकी वृद्धावस्था में आपका सहयोगी व सहभागी बने। उन्होंने बताया कि यह अभियान सात जुलाई तक चलाया जाएगा। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डा. बीके.स्नेही, फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, स्टाफ नर्स नीरज, डा. रहमत, हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डीओ राशि अनम आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की खुली पोल, निर्दोष गौमाताओं के चारे पर भी टेढ़ी नजर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



मामला जनपद बिजनौर से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है जहां पर, ग्राम पंचायत तिबडीं स्थित गौशाला व जोतहिम्मा मुकरपुरी में गौशालाओं में हो रही कथित गौसेवा की पोल तब खुली जब आईरा न्यूज नेटवर्क की जमीनी टीम के एक स्थानीय अधिकृत पत्रकार द्वारा गौशाला की हकीकत को कैमरे में कैद किया गया। वहां का दृश्य दिल दहला देने वाला था, दर्जनों गायें कुपोषण, भूख और बीमारी से तड़प रही थीं उनके शरीर की हड्डियाँ बाहर झांक रही थीं, ना साफ पानी, ना पर्याप्त चारा, गोबर और गंदगी से भरा हुआ वातावरण, दर्जनों गायें कुपोषण, भूख और बीमारी से तड़प रही थीं, उनके शरीर की हड्डियाँ बाहर झांक रही थीं दिल को झकझोर देने वाला दृश्य किसी जेल से कम नहीं था, फर्क बस इतना कि यहां कैदी इंसान नहीं, गौमाताएं थीं। सवाल तो उठता ही है, गौशालाओं के लिए आया सरकारी फंड कहाँ जा रहा है।ग्राम तिबड़ी प्रधानपति शमीम अहमद और सचिव हिमांशु चौहान एवं ग्राम जोतहिम्मा मुकरपुरी के ग्राम प्रधान रशीद अंसारी और सचिव मोहित कुमार किसके संरक्षण में बेलगाम हैं। क्या सरकार और प्रशासन आंखें मूँदे बैठे हैं।सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, गौशालाओं को सालाना लाखों रुपये दिए जाते हैं, फिर भी हालत इतनी भयावह क्यो ? जीरो ग्राउंड पर रिपोर्ट तैयार करने वाले पत्रकार को धमकियाँ, फर्जी केस में फंसाने की साजिश। गौमाताओं की दर्दनाक स्थिति उजागर करने के बाद आईरा न्यूज नेटवर्क के पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फँसाने की धमकियाँ मिली। अलैहपुर ब्लॉक व धामपुर थाने में झूठा शिकायती पत्र, स्थानीय सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा संरक्षण प्राप्त प्रधान व सचिव ने पत्रकार को फसाने का खेला खेल। ये घटनाएं बताती हैं कि सच दिखाना अब अपराध बन चुका है और पत्रकारिता को दबाने की कोशिशों व जिम्मेदारियों के साथ भी क्रूर मजाक है। राज्य मानवाधिकार आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। शिकायती पत्र राज्य गौ सेवा आयोग, पशुपालन विभाग व पशु कल्याण बोर्ड को भेजा गया है। आईरा न्यूज नेटवर्क संकल्प लेता है कि ₹जब तक गौमाता को न्याय नहीं मिलेगा, हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे₹ । आपको बता दे, जनपद बिजनौर आईरा एसोशिएशन के पदाधिकारीयों ने इस मामले की शिकायत बिजनौर प्रशासनिक अधिकारियों से की है।

# कानपुर झांसी राजमार्ग पर स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी, दस घायल, सात की हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** कानपुर झांसी राजमार्ग पर बच्चों से भरी स्कूली बैन पलट गई। बस के पलटते ही बच्चों की चीख पुकार मच गई। जिससे उसमें सवार दस बच्चों को चोट आई। सात को गंभीर चोट आने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वहीं घटना की सूचना पर एसएसपी सहित, जिला प्रशासन के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। गनीमत रही कि बस सड़क किनारे ही पलटी घटना स्थल के कुछ दूरी पर नहर भी बनी हुई थी। अगर बस नहर में पलटती तो घटना गंभीर हो सकती थी। जानकारी के मुताबिक मोठ थाना अंतर्गत राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त विद्या पीठ विद्यालय की बस शनिवार की दोपहर बारह बजे स्कूल की छुट्टी होने पर करीब 32 बच्चों को स्कूल से लेकर घर छोड़ने जा रही थी। जैसे ही बस बच्चों को लेकर मोठ से सेमरी टोल के पास पहुंची तभी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बस में सवार दस बच्चे घायल हो गए। बाकी बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया गया। इधर घायल दस बच्चों में सात की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों का हाल चाल जानने के बाद चिकित्सकों से सभी को उच्च उपचार देने की बात कही। वहीं एसएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना बस की स्टीयरिंग फेल होने से लग रही है। लेकिन फिर भी जांच कराई जा रही की आखिर बस किन कारणों के चलते पलटी।

# गांव मलकपुर में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में समाजसेवी ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ मिलकर सैकड़ो स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधे रोपित किए। इस दौरान ग्रामीणों ने रोपित किए गए पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। शनिवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव मलकपुर में समाजसेवी जुनैद अली ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के सैकड़ो स्थानों पर वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण करते हुए पौधे रोपित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि तेजी के साथ पेड़ कटान हो रहे हैं जो कि पर्यावरण के लिए एक खतरा है। सभी को पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ों की देखभाल करते हुए हर वर्ष लगाने चाहिए। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती यदि पेड़ ना हो तो हम सांस भी नहीं ले सकते। इसलिए जीवन के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण करते हुए लगाए गए सभी पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया और सैकड़ो लोगों पौधे वितरित किए।

# बृजवासी एकता मंच पर सर्व समाज के 11 नवयुगलों को धूमधाम से परिणय सूत्र में बांधा

**वेलकम इंडिया**

**मुरसान।** ( जितेन्द्र कुमार ) । चार जुलाई को लक्ष्मी फार्म हाउस मुरसान में बृजवासी एकता मंच के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने की ह्ल समारोह का उद्घाटन राष्ट्रीय लोकदल के युवा नेत प्रवीन पोनिया ने किया। वहीं 11 जोड़ों की बारात स्वागत उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर विकास शर्मा डायरेक्टर फोकस अल्ट्रासाउंड हाथरस ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता बहुजन समाज पार्टी डॉक्टर अविन शर्मा रहे। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन शरद माहेश्वरी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व प्रेम सिंह कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने किया। विशिष्ट स्थिति रामेश्वर उपाध्याय ब्लॉक प्रमुख मुरसान, रामकुमार अग्रवाल चाचा चौधरी, हर्षकांत कुशवाहा चैयरमेन



पुरदिल नगर, आरके ज्वैलर्स, योगेंद्र पाल सिंह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बसपा, मोनू गौतम सभासद, आरपी सिंह पूर्व एक्सीयेन विद्युत विभाग, रमाकांत बंसल मलूका सेठ, राजीव अग्रवाल सर्राफ, रमेश बंसल, विनीत अग्रवाल, चौधरी छैल बिहारी डेरी वाले, चौधरी श्याम सिंह जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल संतोष शर्मा हार्डवेयर, संजू शर्मा बर्तन वाले, अज्जू शर्मा, मोहित यादव एडवोकेट रहे। वहीं जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा के धन्य है ऐसे मां-बाप जिन्होंने संस्था पर भरोसा कर 11 जोड़ों का विवाह कराया। टेकपाल सभासद एवं अन्य सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में वीरबहादुर सिंह लाल बहादुर शास्त्री टंपा गुरु, देवा, संजय वर्मा, संतोष, हरिओम वर्मा, मोहित चौधरी, जीतू चौधरी, प्रकाश चंद पप्पू सेठ, अशोक कुमार, उमेश चांदी वाले, योगेश आढ़ती, तिलक सिंह आर्य, डॉ परमहंस जायस, रवि सभासद मनुआ पंडित, मदनमोहन सभासद, भोला सभासद, भगवान सिंह सभासद, छोटेलाल, डिस्को भैया, सुनील सभासद, अभिषेक सभासद, सोनू सभासद, विनोद सविता, अजय पलावत, ओम प्रकाश, चौधरी नागेंद्र प्रधान, चौधरी बंटू राइडर, दीपक सविता, राजवीर बघेल, दीपक सासनी, लोकेंद्र प्रताप सिंह रामस्वरूप मोती बरमाना आदि लोग उपस्थित थे वहीं कार्यक्रम संयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमण के विरुद्ध ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्ड्डा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर गांव में हो रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है जिलाधिकारी ने राजस्व की टीम को जांच के निर्देश दिए। शनिवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी तसाव्वर, अखलाक, इलताफ, साकिर, हारून, जुबैर, सादिक , जाहिद, फरमान, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान को एक पत्र भेजा पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गांव के कई लोगों ने अपने घरों के बाहर अतिक्रमण करते हुए वाहन खड़े कर रखे हैं एवं वाहनों से अपने पशु भी बांधते हैं। आने जाने वाले राहगीर एवं कोई भी ग्रामीण हटवाने व अतिक्रमण का विरोध करते हैं तो उक्त दबंग उनके साथ झगड़ा फसाद और गाली-गलौज करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दबंग अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार नहीं है। जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने मामले में राज्स्व विभाग की टीम को जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

# रेनू को आशीर्वाद एवं उपहार देकर डॉ० संदीप ने निभाया मानव धर्म

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति अब तक कई कन्याओं के विवाह आयोजित कर चुकी है और सैकड़ों कन्याओं के विवाह में सामाजिक और आर्थिक रूप से सहयोग भी करती आ रही है। इसी क्रम में उन्नाव गेट अंदर निवासी रेनू को डॉ० संदीप सरावगी ने संघर्ष सेवा समिति परिवार में एक और सदस्य के रूप में सम्मिलित किया। रेनू कपड़े की दुकान पर काम कर अपना भरण पोषण स्वयं कर रही हैं, उनके पिता का पूर्व में ही स्वर्गवास हो चुका है उनकी माँ विमला वर्मा ने अपनी बेटी के होने वाले विवाह में बड़े भाई की तरह डॉ० संदीप सरावगी को आमंत्रित किया। विवाह की पूर्व संध्या पर संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर रेनू अपने परिजनों के साथ पहुंची जहां उन्हें उपहार के रूप में किचन सेट, साड़ी, सूटकेस व अन्य सामान भेंटकर दांपत्य जीवन में प्रवेश की अग्रिम शुभकामनायें दीं। कार्यालय पर उपस्थित इस्कॉन मंदिर से पधारे महेश्वर चंद्र दास, गोविंद प्रभु, दामोदर बंधु प्रभु ने भी रेनू को आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं एवं डॉ० संदीप के कार्यों की भी खुलकर सराहना की। साथ ही जानकारी देते हुए बताया 14, 15 व 16 जुलाई को क्राफ्ट मेला मैदान में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जनपद की समस्त जनता को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर रेनू ने कहा संघर्ष सेवा समिति परिवार में जुड़कर घर जैसा माहौल देखने को मिला। संदीप भईया से मिल कर हमें बहुत अच्छा लगा, एक भाई व पिता के रूप में डॉ० संदीप सहयोग के लिये सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा रेनू जीवन भर खुश रहें, यही ईश्वर से कामना करते हैं और कभी भी कोई समस्या बहन या बेटी को हुई तो हमारा पूरा संगठन हमेशा उसके साथ है। इस अवसर पर गीता वर्मा, ज्वाला प्रसाद, प्रीतम सिंह प्रेमी, चंदन वर्मा, वर्षा वर्मा, ब्रजकिशोर, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल, बॉबी, नेहा चाचरा बहल (चाहत कवियत्री), सूरज प्रसाद वर्मा, अरुण पांचाल, राहुल रायकवार, राजू सेन, आशीष विश्वकर्मा, सुशांत गेडा, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, बसंत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** कस्बे के अलग-अलग मोहल्ला निवासी दो महिलाओं ने पड़ोस के कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पीड़ित महिलाओं ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी महिला सलीमा ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम पीड़िता अपने घर पर अकेली बैठी हुई थी तभी कई लोग उसके घर पर पहुंचे और आते ही पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट करने लगे। पीड़िता की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर आ गए आरोपी पीड़िता को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दुसरी और मोहल्ला रायजादगान निवासी महिला रेखा पत्नी छोटू ने बताया कि उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। तभी पड़ोसी युवक घर में घुस गया और पीड़िता के साथ मार-पीट करते हुए गाली गलौज की आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# आरएसएम कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडियाः नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आरएसएम कॉलेज, धामपुर में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ₹एक पेड़ मां के नाम₹ विषय पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को भी विकसित करना रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रावल ने अपने संदेश में कहा, पेड़ पृथ्वी के फेफड़े हैं। जब हम एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाते हैं, तो यह न केवल एक भावनात्मक जुड़ाव दशार्ता है। बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी दशार्ता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में प्रकृति के संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, ₹वन महोत्सव की शुरूआत 1950 में की गई थी, जिसका उद्देश्य वनों के प्रति जनजागरूकता फैलाना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। यह सप्ताह जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है, जो मानसून के अनुकूल समय होता है।₹ छात्रों ने कॉलेज परिसर में विविध प्रकार के पौधे लगाए, जिनमें जामुन, नीम, अशोक, शीशम, अमरूद अर्जुन, और गुलमोहर प्रमुख रहे। पौधारोपण के दौरान छात्र-छात्राएं अपनी माताओं को समर्पित संदेश भी लिखते नजर आए, जिससे कार्यक्रम में भावनात्मक गहराई भी जुड़ गई। कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो एस एल पाल ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। कृषि वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो शौराज सिंह ने कहा कि हर इंसान को प्रत्येक वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ एस एस कटियार, डॉ एस पी सिंह, डॉ दीप सौरभ, डॉ सुधीर गौड़, सुभाष देवरा, श्री सुन्दर बिष्ट, नितिन कुमार, ललतेश यादव, विपिन व अन्य स्वयं सेवकों की उपस्थिति और सहयोग से यह आयोजन प्रेरणास्पद एवं सफल रहा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनता की फरियाद, दिए मौके मुआयना कर निस्तारण के निर्देश

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**सिकन्दराराऊ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने सयुक्त रूप से तहसील में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस/किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। तहसील समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी ने श्रावण मास में प्रारम्भ हो रही कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। जिनकी ड्यूटी कांवड़ यात्रा को सम्पन्न कराने हेतु लगाई गई है वह अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को कांवड़ यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कैम्पों में स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए।तहसील समाधान दिवस में 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# कम्पोजिट विद्यालय मल्हूपुरा में नवनियुक्त एआरपी का जोरदार स्वागत किया गया

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** कम्पोजिट विद्यालय मल्हूपुरा हरदोडाण्डी में शनिवार को पूर्वान्ह नवनियुक्त अकादमिक रिसोर्स पर्सन श्रवण कुमार का सपोर्टिव सुपरविजन के लिए पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व एआरपी और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों ने फूल बरसाकर और शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर व गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया। श्रवण कुमार ने अपने गुरु सुरेंद्रपाल सिंह से आशीर्वाद लिया और सभी शिक्षकों का आभार जताया। उन्होंने शिक्षकों से विभागीय निदेर्शों का पालन करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आह्वान किया। प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी विषयों के लिए एक-एक एआरपी की नियुक्ति की व्यवस्था की है। पूर्व एआरपी का कार्यकाल 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुका था। नई चयन प्रक्रिया के तहत भगतपुर टांडा ब्लॉक में दो एआरपी का चयन हुआ है। प्राथमिक विद्यालय मिलक समदा चतुर्भुज के श्रवण कुमार को हिंदी विषय और मूंढापांडे के शीशपाल को गणित विषय के लिए चुना गया है। शेष विषयों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 जुलाई 2025 है। मालूम हो कि एआरपी चयन के लिए लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग और साक्षात्कार से गुजरना होता है, जिसमें प्रत्येक चरण में 60% या अधिक अंक लाना अनिवार्य है। इस अवसर पर शिक्षक मनोज कुमार, सतीश कुमार, रवि यादव, नूर आलम, शालिनी शर्मा, मोहम्मद लईक सैफी और शालिनी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद एलीट का 24वां अधिष्ठापन समारोह समपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज में रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद एलीट का 24वां अधिष्ठापन समारोह शहर के एक निजी रेस्टोरेन्ट में समपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विपिन चंद्र दीक्षित विशिष्ट अतिथि पी.डी.जी. रोटेरियन स्तुति अग्रवाल व सम्मानित अतिथि के रूप में रोटेरियन अमृता अग्रवाल एवं रोटेरियन अजय शर्मा, क्लब के समस्त सदस्य, अन्य रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रयागराज के विशिष्ट सम्मानीय नागरिक उपस्थत रहे।

वर्ष 2025-2026 की अध्यक्ष रोटेरियन अपराजिता सेन एवं रोटेरियन सचिव संजीव चन्दा को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पिन प्रदान की गई एवं पूर्व वर्ष की अध्यक्ष रोटेरियन




नंदिनी वर्मा एवं रोटेरियन डॉ० अंजलि द्वारा कालर एक्सचेन्ज किया गया।

इसी क्रम में अन्य पदाधिकारी रोटेरियन ध्रुव दासगुप्ता को कोषाध्यक्ष पद हेतु, रोटेरियन प्रवीण गुप्ता को उपाध्यक्ष पद हेतु, रोटेरियन संकल्प गुप्ता को सह सचिव हेतु एवं रोटेरियन श्रुती सिंह को सारजेन्ट ऑफ आर्म हेतु पिन प्रदान की गई। अहोना भट्टाचार्य एवं टुपुर सेन द्वारा गणेश वन्दना एवं सरस्वती वन्दना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये गये।

वर्ष 2024-2025 में क्लब द्वारा किये गये उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए 30 से भी ज्यादा पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसके बारे में रोटेरियन डॉ अंजलि ने सभी को अवगत कराया।

वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अपराजिता सेन द्वारा इस साल में क्लब द्वारा स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, युवकों के कैरियर एवं उनके शारिरिक फिटनेस पर आधारित विभिन्न सामाजिक कार्यों की योजनाए साझा की गई जो कि सम्पूर्ण वर्ष क्लब द्वारा कार्यान्वित रहेगी। महिला सशक्तीकरण परियोजना के तहत लाभार्थियों को सिलाई मशीनें वितरित की गई, साक्षरता कार्यक्रम के तहत ृरोशनीृ के वंचित विद्याथीयों को स्टेशनरी वितरित की गई तथा युवाओं के लिए शारीरिक फिटनेस कार्यक्रम के तहत इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब के प्रशिक्षुओं को किट और फुटबॉल भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन रोटेरियन अभिषेक वर्मा द्वारा किया गया एवं रोटेरियन नरेश राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

क्लब के सदस्य पदमश्री रोटेरियन डॉ पाल थैलियट, प्रोफेसर आइ.सी. अग्रवाल, अरविदं अग्रवाल, अनिल धवन, रनधीर सहानी, डॉ नन्दिनी, तिवारी, डॉ गीता त्रिपाठी, डॉ अलका, डॉ स्वतंत्र शर्मा, करन सचदेवा, श्रेय केशरवानी, प्रशान्त चौधरी, डॉ कीर्ति, डॉ वक्कास, अविनाश सिंह, मोहम्मद मशर्रफ, पंकज चौरसिया, पंकज गप्ता एवं अन्य क्लब के नव निर्वाचित सदस्य उपस्थित रहे।

# कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में किया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग से संबंधित रैली को संबोधित करते हुए कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के परिसर में राज्य संदर्भ समूह के डॉ धर्मवीर गंगवार ने कहा आप लोगों को सपने वह देखना चाहिए जो आपको सोने भी नहीं दें और लक्ष्य प्राप्ति होने तक आपके अंदर कुछ करने की चाहत जागृत करते रहे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों से अनुरोध भी किया। बरसात के सीजन में किन-किन प्रकार की बीमारियां गंदगी होने से फैलते हैं उस पर भी विस्तार से चर्चा की। अकादमी रिसोर्स पर्सन प्रियंका कुमारी ने कहा कि नियमितता के साथ बच्चों को स्वच्छता का ध्यान रखते हुए विद्यालय में अच्छी प्रकार से कार्य करना चाहिए। विद्यालय अवलोकन करने वाले दोनों संदर्भ दाताओं ने बच्चों को संचारी रोग फैलने के नुकसान भी विस्तृत रूप से बताएं इस अवसर पर बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले छात्र निशा कुमारी, संगीता, दिव्यांश तथा शेखर को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉक्टर लाल बहादुर गंगवार ने विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र तथा स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर, संकुल शिक्षक मोहन सिंह, दीपा गुप्ता, रेनू गंगवार, गीता यादव, मीनू रस्तोगी, सुधांशु कुमार, नीलम सक्सेना, गौरव गंगवार, बेबी तबस्सुम, रुचि दिवाकर, रिंपल सिंह, आदि का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें फलदार पौधे लगाए गए।

# माइनर नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से किसान हलकान



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के दर्जनों गांवों के किसानों को नहर में पानी नहीं छोड़े जाने के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मामले को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। सेमरियावा ब्लाक के गांव दरियाबाद, मदारपुर, दुधारा, लौकीलाला, गरथौली सहित दर्जन भर गांवों के किसानों को मदारपुर -गरथौली माइनर में पानी नहीं छोड़े जाना धान की रोपाई कर रहे किसानों की परेशानी का सबब बना हुआ है। बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से शासन ने नहर का निर्माण कराया था जिससे किसानों में आस जगी थी कि अब उन्हें सस्ती व बेहतर सिंचाई सुविधा मिल सकेगी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और लापर वाही के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्रामीण मुश्ताक अहमद, मुशीर अहमद, इफ्तेखार अहमद, अब्दुस्सलाम, इरफान अहमद, अली अहमद, अब्दुर्रहीम उर्फ लाला, अब्दुल्लाह, नियाज अली, महेश कुमार, रिजवानुल्लाह, मुहम्मद फहीम, मौलाना शकील अहमद आदि ने प्रशासन से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग किये हैं।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी महोदय श्री अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 2 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें, जिन



शिकायतों में जांच के उपरांत करवाई की जानी है उसमें अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करने के उपरांत ही शिकायत का निस्तारण करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, उपजिलाअधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे इसके साथ ही हापुड़ तहसील में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 26 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 6 का निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया। इसी क्रम में धौलाना तहसील की अध्यक्षता करते हुए उप जिला अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए धौलाना तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया।

# पं० माता बदल तिवारी बने अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** लखनऊ के रवीन्द्रालय सभागार में श्रद्धेय डॉ०सोने लाल पटेल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित जन स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम के दौरान अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पार्टी की नई अनुमोदन जारी करते हुए एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। पं० ममता बदल तिवारी को अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी गई है। यही नहीं बता दे कि इस फैसले से संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के संगठन के पदाधिकारी व कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। यही नहीं प्रदेश के अनेक जिलों के ब्राह्मणों सहित संगठन के कार्यकताओं वह पदाधिकारियो में अलग ही चर्चा का विषय प्रदेश की सियासत में अचानक से हलचल मच गई है। इसके साथ ही संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के संगठन के लोगों का कहना है कि पं० ममता बदल तिवारी को अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी बनने से हम सभी ब्राह्मण को एक अलग ही ऊर्जा प्रदान कर रही है। वही माता बदल तिवारी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाना इसी दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है कि माता बदल तिवारी लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े रहे हैं, और पूर्वांचल की राजनीति में सक्रिय चेहरा हैं। उनके कंधों पर अब पार्टी के सांगठनिक नेतृत्व की जिम्मेदारी होगी।

# पीएम श्री कंपोजिट स्कूल मानपुर चिकटिया ने निकाली गई स्कूल अभियान की रैली




**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** शनिवार को क्यारा ब्लॉक के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल मानपुर चिकटिया के छात्र छात्राओं व अध्यापकों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। इस दौरान इस रैली को गांव के अधिकांश बच्चों के अभिभावकों का भी सहयोग मिला। छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान से संबंधित स्लोगन पट्टिकाएं, बैनर तथा विद्यालय में सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं आदि को लेकर बहुत ही जोर शोर से ग्राम वासियों को जागरूक किया गया तथा ग्राम पंचायत की प्रत्येक गली से स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर ग्राम वासियों को अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए के जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमेंद्र पाल सिंह, मीनाक्षी, रेखा गुप्ता, कल्पना, अनुराधा, रूबी, विनोद कुमार, देवेश तिवारी, अशोक गुर्जर, शैलेन्द्री सिंह, नीरज शर्मा, जयमाला तथा अभिभावकों का इस रैली में विशेष सहयोग रहा।

# विधान बसेरा ढाबा के मालिक समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद पुलिस ने शुक्रवार की देर रात हल्का दरोगा के तहरीर पर हाइवे के किनारे रूपापुर (मिजार्मुराद) स्थित विधान बसेरा ढाबा मालिक समेत अन्य के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बीते बुधवार को विधान बसेरा ढाबा में मेंहदीगंज गांव निवासी एमएससी की छात्रा अलका बिन्द की हत्या की गई थी।जिसपर शुक्रवार की रात हलकाई दरोगा धीरज कुमार सिंह के तहरीर देकर बताया कि ढाबे के आड़ में छल करते हुए पीछे बनाये गए कमरों को किराये पर देकर अवैध तरीके से सराय के रूप में उपयोग किया जा रहा था एवं उन कमरों को, महिला-पुरुष लड़के-लड़कियों से धन लेकर, अनैतिक देह व्यापार हेतु किराये पर दिया जाता है।

# मोहर्रम पर जिले भर में रहेगों सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान।** मोहर्रम के दौरान धौलपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से ताजिए निकाले जाएंगे, मोहर्रम पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाडी कमल कुमार जांगिड के सुपरवीजन में धौलपुर पुलिस ने कड़े व पुख्ता इंतजाम किए है इस दौरान असामाजिक तत्वों पर सड़क से सोशल मीडिया तक पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी, पुलिस, आरएसी और होमगार्ड के साथ ही सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे ये असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे, अभय कमांड सेंटर से शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर



रहेगी, सोशल मीडिया पर अफवाहे फैलाने और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है जिले में सभी जगह पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है, थानों और पुलिस लाइन का भी जाप्ता तैनात किया जा रहा है, आरएसी और होमगार्ड का जाप्ता तैनात किया जा रहा है इसके लिए थानों पर शांति समिति, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखियों और सीएलजी सदस्यों की बैठकों का आयोजन किया गया है, थानों पर शांति समिति और सीएलजी की बैठकों का आयोजन किया गया है, लाइसेंसधारी ताजियों को ही अनुमति दी गई है इस संबंध में सभी को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं. इसके साथ ही थानाधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं, थानाधिकारी अपने स्तर पर प्रॉपर मॉनिटरिंग करेगे मोहर्रम पर भीड़भाड़ अधिक रहती है, इसे देखते हुए भी पुलिस की ओर से पूरी सतर्कता बरती जाएगी, इसके साथ ही यातायात को लेकर भी माकूल इंतजाम किए जा रहे हैं, अभय कमांड सेंटर की मदद से पूरे शहर में निगरानी रखी जाएगी, अफवाहों को लेकर पुलिस की साइबर सेल की टीमें सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है इसके साथ ही सादा वर्दी में अलग से जाप्ता तैनात किया जा रहा है, जो बदमाश और असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी रखेगे जो भी असामाजिक तत्व बदमाशी करने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ समय रहते कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान।** संभागीय आयुक्त डॉ टीना सोनी ने कहा कि जारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना के तहत सभी जिला स्तरीय अधिकारी पंचायत स्तरीय अधिकारी अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाए रखें। संभागीय आयुक्त शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी शिविरों से पूर्व प्री कैंप प्रभावी ढंग से आयोजित किए जाएं। विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की आमजन को जानकारी देकर त्वरित ढंग से कार्य कराए जाएं। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दिव्यागों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान प्रमाण पत्र त्वरित गति से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के तहत पात्र लोगों के



अधिक से अधिक नाम जोड़े जाने हेतु निर्देशित किया। संभागीय आयुक्त ने समीक्षा बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सिलिकोसिस नीति, कृषि, उद्योग सहित जिला परिषद की ठोस तरल कचरा प्रबंधन एवं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन की प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करवाने, संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करवाने सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समय पर दिलवाने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने, महिला एवं बाल विकास के तहत आंगनबाडी केन्द्रों पर नियमित पोषाहार वितरण की मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता का ध्यान रखने, पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल की समुचित व्यवस्था करवाने, जल जीवन के तहत चल रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करने सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कलेक्टर सिंह श्रीनिधि बी टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े सहित राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बीचलाये जा रहे नवाचार आंचल अभियान के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने का भी आश्वासन भी दिया।

# ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए वृक्षारोपण जरूरी- संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को विकास खंड सेमरियावां के ए.एच. एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में ृएक पेड़ मां के नामृ के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ लगाने से प्रदूषित हवा से छुटकारा मिलने में मदद मिलेगी। उन्होने कहा कि वृक्ष वातावरण से कार्बन डाई आक्साइड को अवशोषित करते हैं। इसलिए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी जैविक तरीका है। वृक्षारोपण से हमें शुद्ध हवा, पानी और भोजन मिलता है। यह जलवायु



परिवर्तन को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने में भी मदद करता है। वृक्षारोपण के उपरांत कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, मुहम्मद शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, ओबैदुल्लाह, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, औजैर अहमद, जुनेद अहमद, मुहम्मद जाहिद, हकीमुल्लाह, अखिलेश कुमारी, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत घर घर छात्र अभिभावक संपर्क

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नए नामांकन एवं विद्यालय में छात्र उपस्थिति में वृद्धि हेतु शिक्षकों की टोली ने घर घर छात्र अभिभावक से संपर्क किया।अभिभावकों को प्रेरित किया की बच्चों का विद्यालय विद्यालय में नामांकन कराएं।विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को नियमित समय से विद्यालय भेजें। संविलयन विद्यालय सेमरियावां के शिक्षक जफीर अली ,शमा अजीज खान,किरण चौधरी,मुबारक हुसैन ने सेवित बस्ती पिपरा गोविंद,बौलिया पुरवा,चैनपुर में घर घर छात्रों अभिभावकों से संपर्क कर प्रेरित किया।

# कांवड़ यात्रा एवं शिवरात्रि को लेकर औघड़नाथ मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ।** श्री बाबा औघड़नाथ मन्दिर समिति एवं प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक शनिवार को मन्दिर कार्यालय पर हुई जिसकी अध्यक्षता सतीश सिंहल ने की तथा संचालन महामंत्री सुनील गोयल ने किया।

इस बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी डा०. बी. के सिंह, एस एसपी डा० विपिन टाढा, ए.डी.एम सिटी ब्रजेश कुमार, एस.पी.सिटी आयुष विकम सिंह छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन, एई पीयूष गौतम व वीके त्यागी, एस पी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्र सुधीर कुमार (सी.एम.ओ) मुकेश गुप्ता (सी.ई. आई विद्युत) स्त्यप्रकाश (ए.सी.एम.आई) दीपक सिंह (ए.सी.एम) प्रीती सिंह (डी.एस.पी.एल.आई.यु) अमित कुमार मिश्रा (एस.डी.ओ) विभागों के अधिकारियों से आगामी 23 जुलाई 2025 शिवरात्री पर्व पर होने वाली सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। महामंत्री सुनील गोयल ने बताया की श्रवण मास 11 जुलाई शुक्रवार 2025 से प्रारम्भ हो रहा है श्रावण का प्रथम सोमवार होने के कारण मन्दिर में भक्तों की अधिक भीड़ रहेगी जिसके लिए पुलिस की समुचित व्यवस्था एवं यातायात पुलिस व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। मन्दिर समिति अध्यक्ष सतीश सिंहल ने बताया की पुलिस कैम्प का निर्माण मन्दिर समिति द्वारा किया जाएगा जो कि मन्दिर के सामने स्थित होगा जिसमें खोया पाया केन्द्र चिकित्सा शिविर व शिव मन्दिर के प्रथम तल पर कन्ट्रोल रूम बनाया जायेगा जो कि सी० सी० टी०वी से लैस होगा निशुल्क जूता घर जल की व्यवस्था, जनरेटरो की व्यवस्था भी मन्दिर समिति की ओर से की जाएगी। बैठक में ब्रजभूषण गुप्ता (उपाध्यक्ष) धीरेन्द्र सिंघल (उपाध्यक्ष) अतुल अग्रवाल उपमंत्री, अमित अग्रवाल भण्डारी, अमरीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अशोक चौधरी, डा० महेश बंसल, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, राम जीवन ऐरन, मुकेश गुप्ता, कैलाश बंसल, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल, पुलकित गुप्ता, संजय बंसल, भारत भूषण, सुमनेश अग्रवाल, विनीत बंसल, हर्षित गुप्ता, मनोज कुमार व दिनेश मित्तल मेनेजर उस्थित रहे।

# जिलाधिकारी का है संकल्प - ब्रज की रज को करना है प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया



मथुरा/गोवर्धन। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान को आगे बढ़ते हुए शनिवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाडू से परिक्रमा मार्ग की सफाई की तथा आस पास के क्षेत्र में फैले कूड़े को एकत्रित करते हुए साफ-सफाई की। जिलाधिकारी ने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के आस पास सफाई की। उन्होंने ब्रज को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से चलाया विशेष सफाई अभियान। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल वातावरण को नुकसान देती है बल्कि, इसके सेवन से पशु भी बीमार हो रहे है। जिलाधिकारी ने सभी से आवाह्न किया कि अपने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के सामने तथा आस पास सफाई रखे एवं डस्टबिन का प्रयोग करे।

जिलाधिकारी ने सभी को सफाई के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस को स्वच्छ परिक्रमा मार्ग का अनुभव होगा। पवित्र मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा प्रशासन बेहतर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित स्थानीय लोगों व माननीय जनप्रतिनिधियों ने सफाई की।

# मृतक एमएससी छात्रा के घर पहुंचे वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव निवासी एमएससी की मृतक छात्रा अलका बिन्द के घर शनिवार को विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के वाराणसी जिलाध्यक्ष सुचित कुमार साहनी समेत अन्य पार्टी के नेता पहुंच मृतक छात्रा के पिता चंद्रशेखर बिन्द व मां तारा देवी से मिलकर बेटी की हुई नृशंस हत्या की घटना पर गहरा दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को ढाढ़स बांधे व परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया ।सुचित साहनी ने कहां की चंद पैसे के लिए बिना किसी आईडी प्रूफ लेकर कमरा देना ये बहुत बड़ी बात है मेरी सरकार से गुजारी है कि विधान बसेरा ढाबा के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करते हुए उसपर बुलडोजर चलवाया जाए ।इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बिन्द, मीडिया प्रभारी मयंक कश्यप, राम नारायण बिन्द, अशोक कुमार, सागर सिंह, राकेश बिन्द समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर कला प्रदर्शनी के साथ निःशुल्क लाइव पोर्ट्रेट का आनंद उठा रहे नमो भारत के यात्री

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार






एनसीआरटीसी यात्रियों के अनुभव को और भी यादगार बनाने के लिए निरंतर नए-नए प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में अब आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर आयोजित कला प्रदर्शनी के साथ ही यात्रियों को निःशुल्क लाइव पोर्ट्रेट बनवाने का भी लुत्फ मिल रहा है। अब तक नमो भारत के सैकड़ों यात्री अपने लाइव पोर्ट्रेट बनवाकर अपनी यात्रा को यादगार बना चुके हैं। एनसीआरटीसी इस खास एक्टिविटी का आयोजन इंटरनेशनल इंस्ट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स (आईआईएफए), मोदीनगर के सहयोग से कर रहा है, जिसके अंतर्गत संस्थान के छात्र स्टेशन परिसर में यात्रियों की लाइव स्केचिंग कर रहे हैं। नमो भारत के यात्री 27 जुलाई 2025 तक इस कला प्रदर्शनी का आनंद ले सकते हैं। स्टेशन के अपर कॉनकोर्स लेवल पर नॉन पेड एरिया में लगाई गई चित्रकला प्रदर्शनी , ह्ययंग ब्रश स्ट्रोक्सह्व के साथ ही फ्री लाइव स्केचिंग जोन बनाया गया है। इस प्रदर्शनी में आईएफए के छात्रों और शिक्षकों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत स्टेशनों को यात्रा के केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर यात्रियों की यात्रा को और सुखद बनाया जाए। इस श्रृंखला में एनसीआरटीसी द्वारा कई पहल की जा रही है। लाइव स्केचिंग और चित्रकला प्रदर्शनी इसी दिशा में किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। यह पहल इन युवा कलाकारों को एक मंच प्रदान कर रही है जिसके माध्यम से वह अपनी कला और प्रतिभा को हजारों लोगों के साथ साझा कर रहे हैं। 27 जून को एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, श्री शलभ गोयल द्वारा उद्घाटित की गई इस प्रदर्शनी को अब तक हजारों लोग देख चुके हैं और एनसीआरटीसी को इस सफल पहल के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। आईआईएफए के युवा कलाकारों ने भी एनसीआरटीसी को इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। नमो भारत स्टेशनों को एक सामाजिक केंद्र में बदलने की एक और सफल पहल है नमो भारत अनप्लग्ड-म्यूज़िकल फ्राइडेज। हर शुक्रवार की शाम 6 बजे से आनंद विहार स्टेशन पर आयोजित होने वाले म्यूज़िकल फ्राइडेज का यह दूसरा संस्करण है, जिसे सीजन 1 की अपार सफलता और लोगों की मांग पर फिर शुरू किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा मेला के अवसर पर जीएम हॉस्पिटल के द्वारा 5 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** गुरु पूर्णिमा मेला के अवसर पर जी0एम0 हॉस्पिटल के द्वारा 5 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गोवर्धन में नूतन स्वामी जी की बगीची नगर पंचायत के पास किया गया ।जिसका शुभारम्भ कुशजी जिला प्रचारक, रवि त्यागी थाना अध्यक्ष गोवर्धन के द्वारा हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार, ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ नेहा चौधरी, डॉ रूपेंद्र सिंह, डॉ विष्णु रावत , जीतेन्द्र पुरोहित समाजसेवी, राकेश शर्मा नगर कार्यवाहक उपस्थित रहे। जी एम हॉस्पिटल से सचिव बी बी शर्मा , विंदेश दीक्षित , डॉ अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार ने हॉस्पिटल के संचालक मण्डल के सभी अधिकारियों को बधाई दी और प्रसंशा की। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अभिषेक चौधरी व डा० तेजेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा परार्मश व दवाई निशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत, प्रभात फेरी निकालकर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** आराजी लाइन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चक्रपानपुर (मिजार्मुराद) के बच्चों ने शनिवार को स्कूल चलो अभियान के तहत प्रभात फेरी निकालकर गांव व बस्तियों में भ्रमण कर शिक्षा के प्रति आमजन को जागरूक किया ।रैली में शामिल बच्चे 'बेटा–बेटी एक समान–शिक्षा पर है सबका अधिकार, पढ़ी–लिखी लड़की रोशनी है घर की, हिंदु–मुस्लिम सिख–इसाई–मिलकर के सब करें पढ़ाई, आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे जैसे नारे लगाते हुए जा रहे थे ।प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और ग्रामीणों से अपने बच्चों का नामांकन कराने का आग्रह कर रहे थे ।इसके अलावा सरकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त शिक्षा और अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी शिक्षकों द्वारा दिया जा रहा था।


# व्यापारी को मारने की धमकी देने वाले गैंगस्टर अभियुक्त को 24 घंटे में दिखाया हवालात का रास्ता

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली पुलिस ने किराना व्यापारी से रंगदारी मांगने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले गैंगस्टर एक्ट अभियुक्त को तत्वरित कार्यवाही करते हुए दिखाया हवालात का रास्ता ।गौरतलब रहे कि सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अति व्यस्ततम हरोड़ा मोड़ पर स्थित किराना व्यापारी मांगेराम गोयल पुत्र स्वर्गीय शिवचरण गोयल का प्रतिष्ठान संचालित है। जिसके चलते गुड्डू उर्फ शहजाद पुत्र शाहिद निवासी सैफी कॉलोनी हरोड़ा मोड सिंभावली 4 जुलाई को किराना व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचा। और बैखौफ होकर ?20000 की रंगदारी की मांग की। साथ ही नहीं देने पर गोली मारकर हत्या करने की भी धमकी दी गई थी। जिसको लेकर डरे सहमें पीड़ित किराना व्यापारी के द्वारा थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई थी। जिस पर थाना प्रभारी सुमित तोमर ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए मु०अ०स०216/25धारा308(2),351(2)351(3)बीएनएस से संबंधित गुड्डू उर्फ शहजाद पुत्र शाहिद निवासी सैफी कॉलोनी हरोड़ा मोड थाना सिंभावली शातिर किस्म के गैंगस्टर एक्ट,अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

# जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला कारागार परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने भोजनालय, चिकित्सालय, बन्दी गृह आदि को चैक किया। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बरवाला नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव भेजा

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बरवाला नगरपालिका को नगरपरिषद का दर्जा दिए जाने के संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इसके माध्यम से उन्होंने बताया है कि बरवाला नगर परिषद के रूप में बरवाला शहरी क्षेत्र के सभी मापदंड पूरे हैं। नगर परिषद के रूप में अपग्रेड करने के लिए शहर की जनसंख्या कम से कम 50 हजार होने की आवश्यकता होती है, जबकि बरवाला शहर की जनसंख्या 54 हजार 280 है। इस संबंध में बरवाला शहर की वार्ड वाइज जनसंख्या के आंकड़े भी परिवार पहचान पत्र के आधार पर कार्यालय अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा शहरी स्थानीय निकाय को भिजवा दी गई है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि इस बारे में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने भी अनुरोध किया है कि पी.पी.पी. के अनुसार, वर्तमान में बरवाला शहर सरकार के सभी मानदंडों/निदेशों को पूरा करता है। नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी के पत्र संख्या 375 में बरवाला शहर की जनसंख्या 54 हजार 280 दर्शाई गई है, इसलिए नगर समिति और शहर के नागरिकों के व्यापक जनहित में शीघ्रातिशीघ्र बरवाला को नगर परिषद में अपग्रेड किया जाए।

# बी एल पांडेय ने जीता गोल्ड,किया मथुरा का नाम रोशन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिले में हुई 3 दिवसीय प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें लगभग 1 हजार बच्चों ने सहभागिता की और अपना हुनर दिखाया तो वही मथुरा के दो पत्रकारों ने भी सहभागिता करके परचम लहराया।और 10 मीटर एयर पिस्टल में 200 की जगह 251 स्कोर बना कर स्टेट क्वालीफाई कर स्टेट में जगह बनाई ।तो वही देवेंद्र गोस्वामी ने 151 स्कोर बना कर बढ़त बनाई। 4 तारीख को हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सिंह यादव प्रेसिडेंट यूपी राइफल एसोसिएशन एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, एस पी सिटी राजीव कुमार और सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी जीते हुए खिलाड़ियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया। तो वही मथुरा के बी एल पांडेय को श्याम सिंह यादव ने गोल्ड देकर सम्मानित किया और आपके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि मथुरा में जल्द एक और ऐसा आयोजन किया जाएगा।

# पीठासीन अधिकारियों, प्रथम मतदान अधिकारियों, जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया सामान्य और व्यावहारिक प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर ,** गोविन्द मेहता, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगाई की उपस्थिति में बद्री दत्त पांडे कॉलेज सभागार बागेश्वर में शनिवार को पीठासीन अधिकारियों, प्रथम मतदान अधिकारियों, जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेटों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है ।उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर सी तिवारी की देखरेख में सम्पन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 607 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें नौ जोनल मजिस्ट्रेट,38 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 280 पीठासीन अधिकारी व 280 मतदान अधिकारी प्रथम शामिल हैं ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को पूरे मनोयोग से निर्वाचन के सभी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण गहनता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर निर्वाचन, एक मतदाताओं के लिए एक उत्सव होता है निर्वाचनको निष्पक्षता और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए आयोग के सख्त निर्देश होते है। आयोग के दिशा निदेशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंका और संशय का समाधान करें। पोलिंग स्टेशन के लिए निर्धारित रूट प्लान के अनुसार ही मूवमेंट करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और मतदान की गोपनीयता को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ राजीव जोशी, दीप चंद्र जोशी और हरीश रावल ने मतदान अधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार और मतपत्र एवं मतपेटी के साथ संपन्न किया जाएगा।

# डॉ शिखा दरबारी को सामाजिक कौशल विकास के कार्यों में चेंज मेकर के रूप में लंदन हाउस ऑफ कॉमंस के द्वारा किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी में एक विशेष उपलब्धि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. शिखा दरबारी को सामाजिक कौशल विकास के कार्यों में ह्लचेंजमेकर इन स्किल डेवलपमेंट अवार्डह्व से सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएँ और सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित एक समारोह में डॉ. दरबारी को उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. शिखा दरबारी ने विशेष रूप से वंचित छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से सैकड़ों युवाओं को न केवल शिक्षा मिली, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री विष्णु दरबारी, डॉ रीता वार्ष्णेय , क्षितिज व मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद से पूनम शर्मा ,विनीता त्यागी, एवं डॉक्टर किरण , और के एल गोयल , एवं स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता विद्यालय की प्रधानाचार्य, डॉ सरिता सिंधु व शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात डॉ. दरबारी के प्रेरणादायी कार्यों पर आधारित वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और डॉ. शिखा दरबारी को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। इस अवसर ने सभी को प्रेरित किया कि निस्वार्थ सेवा और समर्पण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्रधानाचार्य डाक्टर सरिता सिंधु ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

> यह सम्मान हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित एक समारोह में डॉ. दरबारी को उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. शिखा दरबारी ने विशेष रूप से वंचित छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।






# रेडियंस एकेडमी की न्यू बिल्डिंग उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत करते हुए रेडियंस एकेडमी सीकरी कलां, मोदीनगर में न्यू बिल्डिंग का उद्घाटन समारोह आज बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन-पूजन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और पवित्र हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन से हुई, जिसमें संस्थान के संस्थापक, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। इसके पश्चात सुंदरकांड पाठ के मधुर स्वर गूंजे, जिसने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया। संस्थान के संस्थापक पंडित भूलेराम शर्मा , निदेशक राजीव शर्मा व पिंकू शर्मा, प्रबन्धक मयंक शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। श्रीभूलेराम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियंस एकेडमी केवल एक विद्यालय नहीं, यह एक संकल्प है बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्जवल भविष्य के निर्माण का। हम शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। समारोह में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों को प्रसाद वितरण किया गया। रेडियंस एकेडमी सफर की शुरूआत एक दिव्य वातावरण में कर रहा है, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों को न सिर्फ शिक्षित, बल्कि संस्कारित भी करेगा। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ सीकरी कला के स्वामी आरोग्य देव जी डा बबली गुर्जर प्रवीण गुर्जर डॉ पवन सिंह समय सिंह सिसोदिया लक्ष्मी चंद शर्मा दंडी स्वामी जी आदि गणमान्य मान्य लोगों ने भाग लिया

## वन महोत्सव में विधायक ने बताया पेड़ पौधों का महत्व

**अनूपशहर :** पीएसपीए विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया। विधायक संजय शर्मा ने मानव जाति के लिए पेड़ के महत्व के बारे में बताया। शनिवार को पीएसपीए विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया। विधायक संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को मानव जीवन में पेड़ का महत्व बताते हुए प्रत्येक वर्ष पौधारोपण करने तथा उनका पालन करने का आवाहन किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को वन विभाग की ओर से एक–एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया और सभी विद्यार्थियों से उन्हें अपने घर के निकट लगाकर पालन पोषण करने का आह्वान किया। अतिथियों ने वनों एवं वृक्षों का समस्त जीव–जगत के लिए योगदान को विस्तार से बताया। स्कूल के प्रबंधक धीरज सिंह ने पेड़ से वायु, वायु से आयु विषय पर प्रकाश डाला। संस्थापक विनय गुप्ता ने अतिथियों एवं पीएसपीए परिवार को पौधारोपण करके एवं पौधे वितरण करते हुए महोत्सव का समापन किया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी प्रवेश कुमार, रोहन चौधरी, प्रमोद कुमार, कमल कुमार रहीश अली पंकज, रमेश चंद, प्रधानाचार्या पी. बाला, संजीत विश्वास आदि उपस्थित रहे।

## संत पुरविया बाबा की स्मृति में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**अनूपशहर :** परम संत पुरविया बाबा की स्मृति में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ प्रारंभ से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का जगह–जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शनिवार को जाह्नवी द्वार पर राजेश रामानुजाचार्य, आचार्य नितिन तिवारी, राकेश आचार्य, राम आचार्य, कृष्ण शास्त्री, आचार्य नितिन तिवारी, विपुल पाठक, सूरज स्वामी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलशों का पूजन कराया गया। महंत सत्यनारायण ब्रह्मचारी जी महाराज एवं स्वामी अवधेशानंद टाटिया ने महिलाओं व युवतियों के सिर पर गंगाजल से भरे कलशों को सजाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। डीजे के साथ निकली गई। कलश यात्रा में धार्मिक भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु कलशों को लेकर लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचकर विधि विधान से यज्ञ शाला में स्थापित किया। यज्ञ 6 जुलाई से गुरु पूर्णिमा महान संत पुरबिया बाबा को समर्पित लक्ष्मी नारायण यज्ञ 10 जुलाई तक होगा। कलश यात्रा में सहित सैकड़ो भक्तजन कलश यात्रा में सम्मिलित रहे।

## गंगा में डूबे युवक का शव तीसरे दिन राजघाट गंगा से निकाला

**अनूपशहर :** गंगा स्नान करते समय डूबे चेतन के शव को गोताखोरों तीन दिन बाद राजघाट में गंगा से निकाला। गुरुवार को मस्तराम घाट 25 वर्षीय चेतन निवासी गांव मानकरौरा थाना जहांगीराबाद तथा विकास गंगा स्नान करने समय डूब गए थे। विकास को डूबता देख गोताखोरों ने उसे सुरक्षित गंगा से निकाल लिया। जबकि चेतन गंगा की गहराइयों में जाकर लापता हो गया था। प्रशासन ने लापता चेतन की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया गए थे। गोताखोरों ने तीन दिन बाद शनिवार की दोपहर चेतन के शव को राजघाट गंगा से बरामद किया। शव को देखकर परिजनों में चीज पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल, हालत गंभीर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी अनीस ई–रिक्शा चला कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार को ई रिक्शा चालक दिल्ली बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप के समीप सवारी छोड़ने के लिए गया था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और ई–रिक्शा पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी और मुजफ्फरनगर जनपद के गांव भसाना निवासी नीरज अपनी स्कूटी पर सवार होकर हरियाणा से अपने गांव जा रहा था जैसे ही वह थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया स्कूटी सवार घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## दोगुनी रकम का लालच देकर ठगी हजारों की नगदी

**कांधला।** नगर के मोहल्ला मोलानान निवासी एक युवती के साथ अज्ञात ठग ने टेलीग्राम पर चैटिंग करते हुए पीड़िता को झांसे में लेकर हजारों रुपए की ठगी कर ली पीड़ित युवती ने आरोपी के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को मोहल्ला मौलानान निवासी युवती तंजिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करती है पीड़िता के फोन पर टेलीग्राम के माध्यम से एक एसएमएस आया। पीड़िता ने मैसेज को रिसीव करते हुए जानकारी मांगी तो ठग ने पीड़िता के टेलीग्राम पर रूपयों को दोगुना करने का लालच दे दिया। और पीड़िता के के साथ चैटिंग करते हुए अपने खाते में 9870 की नगदी डलवाली। पीड़ित युवती ने जब दोगुनी रकम की मांग की तो आरोपी फोन पर गाली–गलौज करने लगा पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस अज्ञात ठग की तलाश में जुटी हुई है।

# संचारी रोगों से बचने हेतु जागरूकता संगोष्ठी का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** जिला प्रशासन गाज़ियाबाद एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गाज़ियाबाद डॉ धर्मेन्द्र शर्मा के निदेशों के क्रम में डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में संचारी रोग जनित रोगों संबंधी जानकारी देने के क्रम में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने विद्यालय में छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय के कार्यालय सहयोगियों को इस मौसम में संचारी रोगों से बचने एवं सावधान रहने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि कोरोना, दिमागी बुखार, चिकनगुनिया, मलेरिया एवं डेंगू वायरस जनित रोग है जो इस मौसम में अधिक फैलते हैं सभी को इनके प्रति सजग रहने एवं साफ सफाई रखने की आवश्यकता है। एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी को अपने परिवेश में साफ सफाई रखने एवं स्वच्छता संबंधी शपथ दिलायी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आर के सिंह, शरद कुमार बाजपेई, लेफि्टनेंट राजीव जॉगिड, संजीव चौधरी, सुधीर शर्मा, बाल किशन,धर्मवीर कर्दम, सुनील कुमार, राहुल त्यागी, इरशाद, तरुण कुमार, तेज वीर, मधुकांत, रेखा, अजय कुमार, सुशील, ममता, रानी, चंचल, डॉ कामिनी, ज्योति,दीपक, कोमल त्यागी, प्रदीप कुमार के साथ साथ लगभग 1040 छात्रों ने संचारी रोगों से बचाव संबंधी शपथ ली।

## रीवा के निखिल शिवा मिश्रा बने नेयू के जिला अध्यक्ष, छात्र आंदोलन में निभाई थी अहम भूमिका

वेलकम इंडिया



**रीवा।** नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (नेयू) की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य राधे जाट और रंजीत किसानवंशी के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा पर रीवा जिले के युवा सामाजिक कार्यकर्ता निखिल शिवा मिश्रा को नेयू का रीवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह दायित्व संगठन की राष्ट्रीय मुख्य समिति की सहमति से सौंपा गया है। निखिल मिश्रा को यह जिम्मेदारी उनके निरंतर छात्रहित में किए गए संघर्षों को देखते हुए दी गई है। विशेष रूप से एमपी पीएनएसटी (मध्यप्रदेश प्री-नर्सिंग चयन परीक्षा) 2022 रिजल्ट की समस्या को लेकर जब हजारों छात्राओं को अपने भविष्य को लेकर संघर्ष करना पड़ा, तब निखिल मिश्रा ने नेतृत्व करते हुए रीवा में डिप्टी सीएम आवास का घेराव किया। जब वहां से समाधान नहीं मिला, तो वे छात्रों के साथ भोपाल पहुंचे और मुख्यमंत्री कार्यालय तक उनकी आवाज पहुंचाई। नेयू ने निखिल के जमीनी संघर्ष और छात्रहित में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उन्हें रीवा जिले की कमान सौंपी है।

# मनुष्यों की सभी विपदाओं का नाश करती है श्रीमद्भागवत कथा : मां ध्यान मूर्ति गिरि

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** गौशाला नगर स्थित मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान में गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठाधीन महामंडलेश्वर मां ध्यान मूर्ति गिरि महाराज ने देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मनुष्यों के जब कई-कई जन्मों के पुण्यों का उदय होता है, तब ही उसे हरि कथा व सत्संग आदि श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवण करने से मनुष्यों के ऊपर आने वाली सभी विपदाओं का नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यासजी द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सभी प्रकार के अरिष्टों को दूर करने वाली है।इसका वाचन, श्रवण एवं अध्ययन तीनों ही मंगलकारी एवं कल्याणकारी है।इसमें समस्त धर्म ग्रंथों का सार समाहित है।इसीलिए इसे पंचम वेद कहा गया है। महोत्सव में पधारे प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान धर्म और अध्यात्म के अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में भी पूर्ण समर्पण के साथ विभिन्न लोक कल्याणकारी सेवा कार्य कर रहा है। जिनमें अन्न क्षेत्र,वृक्षारोपण, संतो और निर्धनों की निःशुल्क चिकित्सा आदि प्रमुख हैं।इन सभी सेवा कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वो कम है। इससे पूर्व यजमान परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत ग्रंथ और व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही उनकी आरती की गई। सायं काल मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम शास्त्री के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।

# सद्गुरु हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर हृदय में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित करते हैं : गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में द्विदिवसीय व्यास पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत देश-विदेश से आए असंख्य भक्तों-श्रद्धालुओं ने पूज्य सदगुरुदेव भगवान का पूजन-अर्चन किया।साथ ही महाराजश्री से गुरु दीक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने समस्त शिष्यों को सद्गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि सदगुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सदगुरु की परम आवश्यकता होती है।इसीलिए हमें अपने जीवन में सदगुरु अवश्य बनाने चाहिए।जिससे कि हमारा कल्याण हो सके। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि कहा मनुष्य को प्रभु की प्राप्ति के लिए सदगुरुदेव भगवान का आश्रय लेना चाहिए।सदगुरुदेव की शरण आए बिन प्रभु की भक्ति और कृपा पाना सहज नहीं है।क्योंकि सदगुरु भगवान ही हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर हमारे हृदय में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित करते हैं।इसीलिए वेद और पुराणों में भी सदगुरु की महिमा का विस्तार से बखान किया गया है।

# एसआरएमआईएसटी,मे आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल समापन


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल समापन हो गया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 27 जून से 4 जुलाई 2025 तक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज की गहन समझ को विकसित करना और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देना था।इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 75 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। एफडीपी के दौरान एआईसीटीई द्वारा नामित विशेषज्ञों मोती चंद यादव (रिसोर्स पर्सन), श्री आर. पी. सिंह (को-फैसिलिटेटर), श्री आलोक कुमार पाण्डेय (को-फैसिलिटेटर) और सुश्री पूजा शर्मा (ऑब्जर्वर)–की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों को विविध विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को मानव मूल्यों, आत्म-पहचान, रिश्तों में सामंजस्य, प्रकृति के साथ तालमेल और सह-अस्तित्व जैसे विषयों पर व्याख्यान, चचाओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रतिदिन पांच सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल वैचारिक ज्ञान मिला, बल्कि आत्म-विश्लेषण और समूह चर्चा के अवसर भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम की सफलता में निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डॉ. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) और डॉ. गीता भवानी (डीन, रिसर्च) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. महेश गुप्ता, यूएचवी सेल के सदस्यगण एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम ने इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन मानव मूल्यों की गहराई से समझ विकसित करने और उन्हें शैक्षिक वातावरण में प्रभावी रूप से समाहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## अखण्ड दया धाम में त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 08 जुलाई से

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** कालीदह/परिक्रमा मार्ग स्थित अखंड दया धाम में मंगलायतन सेवा ट्रस्ट के द्वारा महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज के पावन सानिध्य में त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 08 से 10 जुलाई 2025 पर्यन्त विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने बताया है कि महोत्सव के अंतर्गत 08 से 09 जुलाई को प्रातः 08 बजे से रुद्राभिषेक होगा।तदोपरांत अपराह्न 04 से 07 बजे तक अखंड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा ₹गोपी गीत₹ पर प्रवचन करेंगे।इसके अलावा 10 जुलाई को प्रातः 08 बजे से देश-विदेश से आए समस्त भक्त-श्रद्धालु के द्वारा गुरु पूजन (व्यास पूजन) किया जाएगा। महाराजश्री की परम कृपापात्र शिष्या साध्वी कृष्णानंद महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जिलाधिकारी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण दिए साफ-सफाई और सुरक्षा के सख्त निर्देश


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कांवड़ मार्ग (पाइपलाइन मार्ग, मुरादनगर) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को यात्रा मार्ग की कमियों को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर कहीं भी सड़क क्षतिग्रस्त न हो, यदि हो तो तत्काल मरम्मत की जाए। मार्ग पर गंदगी न फैले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे झाड़-फूंस, गूलर, भांग आदि के पौधे न दिखाई दें, इन्हें हटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली मीट, मदिरा आदि की दुकानों को पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाए। जिलाधिकारी ने अस्थायी कांवड़ शिविरों में साफ-सफाई, जल, विद्युत, शौचालय व चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए शिविर संचालकों को जागरूक करने पर जोर दिया। अग्निशमन यंत्रों की जांच भी अनिवार्य रूप से करने को कहा गया। यात्रा मार्ग में लगे विद्युत खम्भों को इंसुलेटेड शीट से शीघ्र कवर करने और जलभराव की स्थिति न बनने देने की बात भी कही गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, चिकित्सा और आपात सेवाओं के सभी प्रबंध यात्रा शुरू होने से पहले पूरे कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग पर मौजूद दुकानदारों से बातचीत की और कहा कि यात्रियों को शुद्ध और ढंके हुए खाद्य पदार्थ ही परोसें।

दुकानदारों को अपने दुकान का लाइसेंस, रेट लिस्ट चस्पा करने और प्रशासनिक नम्बरों को सुरक्षित रखने की भी सलाह दी गई। उन्होंने अंत में अपील की कि सभी दुकानदार, शिविर संचालक और आमजन कांवड़ यात्रा को सफल, स्वच्छ और शांतिपूर्ण बनाने में सहयोग करें। प्रशासन की ओर से हर संभव सुविधा दी जाएगी, लेकिन जनसहयोग भी उतना ही जरूरी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों के संचालकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि भोज्य पदार्थों को ढंककर रखें, शुद्धता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, साथ ही दुकानों पर लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए। जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि सभी दुकानदार व शिविर संचालक जिला प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के आपातकालीन नंबर सुरक्षित रखें, ताकि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। अंत में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों, शिविर संचालकों और आमजन से अपील की कि वे इस आस्था के पर्व को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।

# मालखाने में लगी आग, मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाने में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब थाने के भीतर स्थित मालखाने में अचानक भीषण आग लग गई। घटना सुबह लगभग 10:30 बजे के आसपास की है, जब थाने के मालखाने से धुआं उठता देख अफसर और पुलिसकर्मी सकते में आ गए।

कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और मालखाने में मौजूद ज्वलनशील सामग्री गैस सिलेंडर, आतिशबाजी, पटाखे आदि जब एक के बाद एक फटने लगे तो थाने का परिसर धमाकों से थर्रा उठा। चारों ओर भय और अफरा-तफरी का माहौल फैल गया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन हालात को बेकाबू होता देख दमकल विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से मालखाने में रखा कई केसों से जुड़ा माल जलकर नष्ट हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, और न ही आग थाने की मुख्य इमारत तक पहुंच सकी। इस घटना के संबंध में एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी देते हुए कहा कि आग किस कारण लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता, लेकिन शुरूआती आशंका है कि गर्मी की वजह से आग लगी हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि मालखाने में कौन-कौन सी वस्तुएं जलीं और कुल कितना नुकसान हुआ। थाने के भीतर इस प्रकार की आगजनी और उसमें मौजूद विस्फोटक व ज्वलनशील सामग्री के फटने की घटनाएं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टोरेज के मानकों पर भी सवाल खड़े करती हैं। यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी भी है कि थानों में संग्रहित आपत्तिजनक वस्तुओं की सुरक्षा, भंडारण और निगरानी व्यवस्था की तत्काल समीक्षा की जाए। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है और जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक नुकसान और जिम्मेदारी तय हो पाएगी।

# महिला सुरक्षा पर विशेष गोष्ठी, कल्पना सक्सेना ने दिए कड़े संदेश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने शनिवार को एक अहम पहल करते हुए परमजीत हॉल, पुलिस लाइन में विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) कल्पना सक्सेना ने महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, पारिवारिक विवादों के समाधान और समाज में महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के विषय पर खुलकर चर्चा की। गोष्ठी में महिला थाना, परिवार परामर्श केंद्र और समस्त पिंक बूथों के प्रभारियों के साथ-साथ अपर पुलिस उपायुक्त (प्रोटोकॉल), सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध) एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। श्रीमती सक्सेना ने पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए जमीनी प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सक्रियता की मांग करने वाला सामाजिक उत्तरदायित्व है। गोष्ठी के दौरान महिला थाना और पिंक बूथ की प्रभारी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी साझा की, जिसमें पारिवारिक विवादों का समाधान, महिला सहायता केंद्रों की प्रभावशीलता और समाज में विश्वास बहाली के प्रयास प्रमुख रहे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों से यह अपेक्षा जताई कि वे महिला पीड़िताओं के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता और न्याय की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र और पिंक बूथ अब केवल सहायता केंद्र नहीं, बल्कि महिला स्वावलम्बन और आत्मसम्मान के मजबूत स्तंभ बनने चाहिएं। पुलिस कमिश्नरेट की इस पहल को महिला कल्याण और अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जो न केवल आंकड़ों तक सीमित है, बल्कि समाज में वास्तविक बदलाव लाने का प्रयास करता है।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शासन के निदेशों के तहत जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों मोदीनगर, सदर और लोनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन और अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य जन शिकायतों को सुनना, समझना और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना रहा। मोदीनगर तहसील में स्वयं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शिकायतकताओं की समस्याएं सुनीं। कुल 63 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जन शिकायतों की उपेक्षा किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन, एसडीएम अजीत सिंह समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सदर तहसील में एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर समाधान किया गया।

# सघन चिकित्सा सम्मेलन के दूसरे दिन विशेषज्ञों का ज्ञान-वर्षा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सघन चिकित्सा की तीन दिवसीय राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को चिकित्सा विज्ञान की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं पर विशेषज्ञों के विचारों की गूंज रही।

दिन की शुरूआत सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग सत्र से हुई, जिसमें डॉक्टर संदीप वार्ष्णेय और डॉ वी. बी. जिंदल के नेतृत्व में देश-विदेश से आए चिकित्सकों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई, जिसमें पोस्टर प्रेजेंटेशन सत्र में करीब 200 शोध पोस्टर 20 स्टेशन पर प्रस्तुत किए गए। इन पोस्टरों का मूल्यांकन 40 वरिष्ठ विशेषज्ञों की देखरेख में हुआ। सिंदूर हॉल में पहले सत्र में डॉक्टर बनामबर रे ने स्क्रब टायफस पर व्याख्यान दिया, वहीं फेफड़ा ट्रांसप्लांट की उन्नत तकनीकों पर डॉक्टर अतुल मिश्रा ने जानकारी साझा की। अमेरिका से आए विशेषज्ञ डॉक्टर मिशेल लेवी ने सेप्सिस जैसे जटिल विषय पर अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण रखा, जिसे डॉ प्रमोद गुरु और डॉ आरती मिश्रा ने मॉडरेट किया। डॉ रणदीप गुलेरिया ने एरोसॉल ड्रग डिलीवरी की आधुनिक प्रणाली पर चर्चा की, जबकि डॉक्टर अमित ने टीबी के मरीजों में स्टेरॉयड के उपयोग को लेकर व्याख्यान दिया। इसी दौरान लंच टाइम सत्र में पल्मोनरी एंबॉलिज्म पर पैनल डिस्कशन हुआ, जिसने आईसीयू से जुड़े क्लिनिकल निर्णयों को नई दिशा दी। अगले सत्र में डॉक्टर रणवीर सिंह त्यागी ने आईसीयू में नींद प्रबंधन और दर्द निवारण पर प्रकाश डाला। वेंटिलेशन तकनीकों की विविधताओं को भी गहराई से समझाया गया। न्यूरो-सघन चिकित्सा पर डॉक्टर विनय सिंगल, डॉक्टर विजय हांडा और डॉक्टर गौरव जैन ने विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिसका संचालन डॉक्टर अमिताभ गोयल ने किया।

# बिजली का ओवरलोड बना संकट, हजारों उपभोक्ता क्षमता से अधिक खपत में लिप्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बढ़ती गर्मी और बिजली खपत के बीच मुरादनगर में बिजली का ओवरलोड अब संकट का रूप ले चुका है। क्षेत्र में हजारों उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपने कनेक्शन की स्वीकृत क्षमता से कई गुना अधिक बिजली का उपभोग कर रहे हैं। इसका सीधा असर विद्युत उपकरणों पर फॉल्ट और अचानक बिजली कटौती के रूप में सामने आ रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विद्युत विभाग की हालिया समीक्षा में सामने आया कि मुरादनगर क्षेत्र में करीब दस हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका कनेक्शन वर्षों

**उपभोक्ताओं को खुद ही अपनी खपत के अनुसार कनेक्शन की क्षमता बढ़वानी चाहिए।**

पहले की जरूरतों के मुताबिक लिया गया था, लेकिन अब वह उसकी दोगुनी या तिगुनी खपत कर रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, जिन उपभोक्ताओं ने दस वर्ष पहले दो केवी का कनेक्शन लिया था, वे अब चार से छह केवी तक की बिजली खपत कर रहे हैं। यही नहीं, 15 केवी से अधिक की क्षमता वाले बड़े कनेक्शनधारी भी क्षमता से अधिक लोड लेकर चल रहे हैं। इस अतिरिक्त खपत का असर पारेषण व्यवस्था पर दबाव, बार-बार ओवरलोडिंग, और लो-वोल्टेज की समस्या के रूप में सामने आ रहा है। विभाग के अनुसार, कई बार एक ही ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं के अघोषित ओवरलोड के कारण उपकरण जल जाते हैं, जिससे पूरे मोहल्ले की आपूर्ति बाधित हो जाती है। विद्युत विभाग अब ऐसे उपभोक्ताओं की शिनाख्त के लिए सर्वे कराने जा रहा है, जिसके बाद उन्हें अपना कनेक्शन कानूनी रूप से उन्नयन कराने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्गश कुमार ने बताया कि ओवरलोडिंग और फॉल्ट से बचने के लिए समय-समय पर सर्वे कराया जाता है।

# नया बस अड्डा स्थित मजार के पास पक्का चबूतरा बनाकर किया जा रहा था अवैध कब्जा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर की साफ-सफाई और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार मोर्चा खोले हुए गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार सुबह एक बार फिर सख्त तेवर दिखाए। नया बस अड्डा क्षेत्र के सामने स्थित मजार के पास बने अवैध चबूतरे और निर्माण को उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर निगम की टीम से हटवाया, साथ ही वहां पौधारोपण भी करवाया। महापौर को शुक्रवार शाम को जानकारी मिली थी कि मजार की आड़ में बौंझा के सामने अवैध निर्माण किया जा रहा है और आसपास गंदगी और भीड़भाड़ की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलते ही महापौर देर शाम मौके पर पहुंचीं, जहां उन्होंने न सिर्फ अतिक्रमण देखा, बल्कि वहां मौजूद लोगों को फटकार भी लगाई। शनिवार सुबह दोबारा अतिक्रमण की सूचना मिलने पर महापौर फिर से मौके पर पहुंचीं। इस बार अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति वहां से गायब था, लेकिन मेयर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध चबूतरे को खुद की निगरानी में तोड़वाया और सफाई कर्मचारियों को तत्काल गंदगी हटाने के निर्देश दिए। सुनीता दयाल ने स्पष्ट किया कि यह कोई सामान्य अतिक्रमण नहीं था, बल्कि धार्मिक स्थल की आड़ में कब्जा कर इलाके को घेरने का प्रयास किया जा रहा था। पक्के चबूतरे के जरिए रास्ते को अवरुद्ध कर वहां अवैध गतिविधियां चलाई जा रही थीं। उन्होंने कहा कि समतलीकरण के बाद वहां पौधारोपण किया गया है ताकि दोबारा कोई व्यक्ति कब्जा न कर सके।

# केसरी नंदन हनुमान जी हैं आदर्श स्वयंसेवक : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद:** शनिवार शाम को पूरी कौशांबी में गूंजे जय श्री राम, जय बजरंगबली, भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय जयकार के जयकारे। श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर, कौशांबी में किया गया। इस अवसर पर सभी कौशांबी वासियों ने उत्साह दिखाया और पाठ में जोरशोर से हिस्सा लिया। क्षेत्र के निवासी और प्रसिद्ध समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया की राम कथा का श्रवण करना बेहद सौभाग्य से प्राप्त होता हैं। कथा वाचक अयोध्या निवासी श्री सुरेंद्र द्विवेदी जी ने अपनी अमृत्मयी वाणी से सभी श्रोताओं को भक्ति मय यात्रा कराई और आशीर्वाद स्वरूप रुद्राक्ष भी दिया। कार्यक्रम की शुरूवात समिति सदस्य और उपस्थित श्रोताओं द्वारा आरती से हुई। इस भक्तिपाठ में भाग लेने वाले स्थानीय कौशांबी निवासी अति उत्साहित थे और सभी ने इस आयोजन को खूब सराहा। इस अवसर पर आयोजक समिति और कौशांबी निवासी कमल ओबेरॉय, शिव भारद्वाज, डॉ आचार्य कृति शर्मा, सुनीता परवाल, दीपक अग्रवाल, उमा शंकर शर्मा, प्रवीण गर्ग, आर पी भारद्वाज जी और वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रेम गोगिया ने भी अपने भजनों से सबका मन मोह लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों सहित मिनी गुप्ता, विजय अग्रवाल, प्रीति सिंघल, अलका, रजनी गोयल, संतोष सिंह, मंजु शर्मा, मंजु जैन, आरती शर्मा, उर्मिल अरोड़ा, अशोक परवाल, रवि पटेल, दीपक, शिवानी, संगीता श्रीवास्तव, अरुणा राय, प्रतिभा त्यागी, मधु महाजन, नेहा सेल्ही, नीति गौड़, रेखा, दीपा, ममता, राजमाला, गीता, राज चानना, अनिता गोगिया, प्रेम गोगिया, मुदित दीक्षित, अलका जैन, पवन, डॉ जे के सिंह, संतोष चोपड़ा, अनिता शर्मा, ऋतु, शालिनी, मोहिनी, अनीता शर्मा, शीला, सांवरमल गोयल, विजय अग्रवाल, ने इस पावन कार्य में भाग लिया और आयोजक समिति को ढेरों शुभकामनाएं दी।

# नगर निगम और पुलिस प्रशासन की साझा रणनीति से कांवड़ यात्रा होगी सुरक्षित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा महोत्सव को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में आयोजित अहम बैठक में निगम एवं पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम बनाने हेतु विस्तृत कार्य योजना पर मंथन किया। बैठक में यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव देने के लिए सफाई, जलापूर्ति, रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा जैसे अहम बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम और गाजियाबाद पुलिस मिलकर यात्रा की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाएंगे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को 7 जुलाई से सक्रिय रूप से ड्यूटी प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, 285 सफाई मित्रों की विशेष टीम को तीन शिफ्टों में तैनात किया जाएगा। यात्रा मार्ग और शिविरों में 140 डस्टबिन, 55 अतिरिक्त डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, और 45 मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे, जिनकी नियमित सफाई हाई प्रेशर मशीनों से की जाएगी। जलकल विभाग कांवड़ रूट पर श्रद्धालुओं के लिए 25 गंगाजल टैंकर और 15 अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा जल भराव की आशंका वाले क्षेत्रों में पंपसेट और निगरानी टीमों को सक्रिय रखा जाएगा। कांवड़ मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी निगरानी एक समर्पित कंट्रोल रूम से की जाएगी। पुराने कैमरों को भी नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है ताकि पूरे रूट पर एकीकृत निगरानी संभव हो सके। पुलिस विभाग ने बताया कि मंदिरों और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रहेगी।